

# सब का सपना



निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र

हरमनप्रीत के आउट होने के बाद कैसी थी मानसिकता, जेमिमा ने सेमीफाइनल जीतकर -पेज: 7

नायरा बनर्जी ने बताया एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का सच -पेज: 8

वर्ष: 01 | अंक: 203 | शनिवार 01 नवंबर 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपए


## जयपुर में एक फार्मा कंपनी की जुकाम–एलर्जी की दवाई अमानक मिली

जयपुर (एजेंसी)। जयपुर में एक फार्मा कंपनी की जुकाम–एलर्जी की दवाई अमानक मिली। इस पर इस मेडिसिन को बेचने पर रोक लगा दी गई है। ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को रिपोर्ट जारी कर वाईएल फार्मा कंपनी की जुकाम–एलर्जी में दी जाने वाली दवाई को अमानक माना है। डिपार्टमेंट ने इस फार्मा कंपनी की दूसरी दवाईयों के भी सैंपल लेकर उसकी जांच के आदेश दिए हैं। ड्रग कंट्रोलर फर्स्ट से जारी आदेशों के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित कंपनी की दवाई विन्सेट एल नाम से राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के अन्य शहरों में दवाईयां सप्लाई होती हैं। पिछले दिनों इस कंपनी के बैच नं. एलटी25023 सहित अन्य दो बैच के सैंपल लिए गए थे। इन सैंपल की जब जांच की गई, तब दवाई अमानक निकली। यानी जिन सॉल्ट को इस दवाईयों में होना बताया, वह पर्याप्त मात्रा में इसमें नहीं मिले। कंपनी इस दवाई में लेवोसेट्रीजीन और डाइहाइड्रोक्लोराइड सॉल्ट होने का क्लेम करती है। आदेशों में अब ड्रग कंट्रोलर ने इस कंपनी की आने वाली दूसरी दवाईयों के भी सैंपल लेने और उनकी जांच करवाने के आदेश दिए हैं।

## भारत पाकिस्तान सीमा से एक संदिग्ध को पकड़ा– पुलिस जांच में जुटी

जैसलमेर (एजेंसी)। राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत–पाकिस्तान सीमा के पास घूमते एक संदिग्ध दिखने वाले व्यक्ति को बीएसएफ ने पकड़ा है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। सूत्रों के अनुसार, बिहार के अररिया जिले का निवासी मोहम्मद इकबाल (लगभग 40) नामक व्यक्ति को मुरार सीमा क्षेत्र में बीएसएफ जवानों ने नियमित गश्त के दौरान पकड़ा। कथित तौर पर वह प्रतिबंधित सीमा क्षेत्र के पास संदिग्ध तरीके से घूम रहा था। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने यह पता लगाने के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी है कि वह बिना किसी रोक–टोक के अत्यधिक प्रतिबंधित क्षेत्र में कैसे पहुंच गया। एक पुलिस सूत्र ने इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से अत्यधिक संवेदनशील बताते हुए कहा कि उसकी पृष्ठभूमि, यात्रा मार्ग और संभावित उद्देश्यों की पूरी तरह से जांच की जा रही है। इकबाल के संभावित संपर्कों और संचार नेटवर्क का पता लगाने के लिए खुफिया एजेंसियां जांच में जुट गई हैं। बीएसएफ की एक टीम ने तुरंत इकबाल को हिरासत में ले लिया और घटनास्थल पर ही उससे प्रारंभिक पूछताछ की। एक सूत्र ने कहा कि वह व्यक्ति कोई वैध पहचान पत्र या संवेदनशील क्षेत्र में जाने की अनुमति दिखाने में विफल रहा। उन्होंने आगे कहा कि उसके जवाबों से और भी संदेह पैदा हुआ। प्रारंभिक पूछताछ के बाद बीएसएफ ने इकबाल को आगे की जांच के लिए शाहगढ़ पुलिस को सौंप दिया। संदिग्ध के मोबाइल फोन, कॉल रिकॉर्ड और डिजिटल उपकरणों की जांच संभावित संपर्कों या संदिग्ध संचार के लिए की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के इतने करीब इकबाल की मौजूदगी ने संभावित सीमा पार संबंधों या टोही गतिविधि को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। एक सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान सीमा से निकटता को देखते हुए, ऐसी घटनाओं को बहुत गंभीरता से लिया जाता है। अधिकारियों ने आसपास के गांवों में सुरक्षा कड़ी कर दी है और आगे घुसपैठ रोकने के लिए सीमा क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

## मराठी अभिनेत्री का खुलासा... रोहित आर्य ने उन्हें भी एक फिल्म प्रोजेक्ट के सिलसिले में बुलाया

मुंबई (एजेंसी)। मराठी अभिनेत्री रुचिता जाधव ने खुलासा किया है कि मुंबई में होस्टेज कांड के आरोपी रोहित आर्य ने उन्हें भी एक फिल्म प्रोजेक्ट के सिलसिले में बुलाया था। दरअसल मुंबई में 31 अक्टूबर को होस्टेज कांड, में रोहित आर्य ने 17 बच्चों, दो महिलाओं और एक बुजुर्ग को बंधक बना लिया था और बाद में पुलिस की कार्रवाई में मारा गया। मराठी फिल्मों की अभिनेत्री रुचिता जाधव ने अपने पोस्ट में बताया कि यही रोहित आर्य कुछ हफ्ते पहले उन्हें एक फिल्म प्रोजेक्ट के लिए बुला रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, 4 अक्टूबर को रोहित ने खुद को फिल्ममेकर बताकर रुचिता को मैसेज किया था। रोहित ने बताया कि वह होस्टेज सिचुएशन पर आधारित फिल्म बना रहा है। 23 अक्टूबर को रोहित ने रुचिता से 27, 28 या 29 अक्टूबर को मिलने के लिए पूछा। उन्होंने 28 अक्टूबर को मुलाकात तय की थी। 27 अक्टूबर को रोहित ने उन्हें पवई स्थित एक स्टूडियो की लोकेशन भेजी और अगली सुबह (28 अक्टूबर) आने को कहा। लेकिन रुचिता जाधव ने पारिवारिक कारणों से वह मीटिंग रद्द कर दी थी। इसके बाद 31 अक्टूबर को टीवी पर खबर देखकर कि वही रोहित आर्य पवई में होस्टेज कांड में शामिल था और मारा गया, रुचिता स्तब्ध रह गईं। उन्होंने कहा कि उस दिन को सोचकर वह कांप जाती हैं कि अगर वह चली जातीं, तब क्या होता। उन्होंने भगवान और परिवार का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने उन्हें बाहर जाने से रोक लिया। रुचिता ने अपनी पोस्ट के अंत में लोगों को यह घटना याद दिलाकर कहा कि काम के सिलसिले में किसी नए व्यक्ति से मिलने से पहले बेहद सावधान रहना चाहिए और हमेशा अपने परिवार या दोस्तों को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

## आसमान में चक्कर लगाती रही फ्लाइट्स... यात्रियों को हुआ खौफनाक लम्हों का एहसास

जयपुर (एजेंसी)। जयपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले यात्रियों के लिए सफर किसी डरावने अनुभव से कम नहीं था। एक नहीं बल्कि दो इंडिगो फ्लाइट्स के पैसेंजर्स को हवा में उस वक्त खौफनाक लम्हों का सामना करना पड़ा। जब दोनों एयरक्राफ्ट दिल्ली एयरपोर्ट के ऊपर लंबे समय तक होल्ड पर रखे गए। दरअसल, दिल्ली एयरपोर्ट पर देर रात एयर ट्रैफिक कंजेशन बढ़ने के कारण कई फ्लाइट्स को समय पर लैंडिंग क्लियरेंस नहीं मिली। इसी वजह से जयपुर से दिल्ली के लिए रवाना हुई दोनों इंडिगो फ्लाइट्स को आसमान में गोल चक्कर (होल्डिंग पैटर्न) में घूमना पड़ा। पहली फ्लाइट रात 10 बजकर 26 मिनट पर जयपुर से रवाना हुई थी। दूसरी फ्लाइट रात 12 बजकर 6 मिनट पर दिल्ली के लिए उड़ी। दोनों ही फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर लैंड नहीं हुई। इसके बाद दिल्ली एयर ट्रैफिक कंट्रोल की अनुमति मिलने तक करीब 20 से 30 मिनट तक दोनों एयरक्राफ्ट आसमान में लैंडिंग का इंतजार करते रहे। इसके बाद फ्लाइट रात 11 बजकर 50 मिनट पर जबकि दूसरी फ्लाइट रात एक बजकर 16 मिनट पर दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुई। इस दौरान फ्लाइट के निर्धारित वक्त पर पहुंच जाने के बावजूद बार–बार आसमान में घूमने से पैसेंजर्स में घबराहट फैल गई। कुछ पैसेंजर्स ने बताया कि फ्लाइट बार– बार गोल चक्कर काट रही थी। खिड़की से नीचे देखकर ऐसा लग रहा था मानो हम एक ही जगह पर फंसे हुए हैं।

# तेलंगाना कैबिनेट में पहले मुसलमान मंत्री बने कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन

### राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई

हैदराबाद (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन ने शुक्रवार को तेलंगाना कैबिनेट में मंत्री के तौर पर शपथ ली। उन्हें राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने राजभवन में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान अजहरुद्दीन ने अल्लाह के नाम पर शपथ ली और आखिर में जय तेलंगाना और जय हिंद के नारे लगाए। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, अन्य मंत्री, स्पीकर, विधान परिषद के चेयरमैन, टीपीसीसी अध्यक्ष और उनके बेटे मोहम्मद असदुद्दीन (हाल ही में टीपीसीसी महासचिव नियुक्त) मौजूद थे। राज्य कैबिनेट ने अगस्त में अजहरुद्दीन को राज्यपाल के कोटे से विधान परिषद सदस्य के तौर पर नॉमिनेट करने का फैसला किया था। उन्हें अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मिलने की संभावना है। वह फिलहाल तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष और इसकी पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के सदस्य हैं। 62 वर्षीय अजहरुद्दीन को 11 नवंबर को होने वाले जुबली



हिल्स विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव से पहले कैबिनेट में शामिल किया गया है।

चुनावी पृष्ठभूमिः वह 2023 में अपने गृह क्षेत्र से चुनाव हार गए थे। वह फिर से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस ने नवीन यादव को मैदान में उतारा और अजहरुद्दीन को कैबिनेट में जगह देने का वादा किया। उनके शपथ ग्रहण के साथ राज्य कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। (अधिकतम सीमा मुख्यमंत्री सहित 18 है)। वह रेवंत रेड्डी की कैबिनेट में पहले मुस्लिम मंत्री बने है। सत्ताधारी पार्टी को पहले मुस्लिम मंत्री न होने के कारण आलोचना झेलनी पड़ रही थी। 2023 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के सभी प्रमुख मुस्लिम उम्मीदवार हार गए थे। यह कदम मुसलमानों तक पहुंचने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है, जो जुबली हिल्स में मतदाताओं का लगभग 30 प्रतिशत हैं।

वहीं भाजपा ने चुनाव आयोग से कैबिनेट विस्तार की इजाजत न देने की अपील की थी, क्योंकि उनका मानना है कि अजहरुद्दीन को उपचुनाव में वोटर्स के एक खास ग्रुप को खुश करने के लिए मंत्री बनाया जा रहा है, जो मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन है।

कैबिनेट गठन की प्रक्रियाः गठन 7 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और 11 मंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ हुआ था। 8 जून को तीन मंत्रियों को शामिल करके विस्तार किया गया था, लेकिन तीन पद खाली रखे गए थे।

अजहरुद्दीन का राजनीतिक इतिहासः 2009 में कांग्रेस में शामिल हुए और उसी साल उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए। 2014 में राजस्थान के टोंक-सवाई माधोपुर से चुनाव लड़े, पर हार गए। 2018 में तेलंगाना कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## बेमौसम बारिश से यूपी के 20 शहरों में फसलें बर्बाद... योगी सरकार ने सर्वे करने के दिए आदेश

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के वाराणसी, बलिया, मऊ सहित लगभग 20 शहरों में तूफान मोन्था के कारण बेमौसम बारिश हो रही है। इसकारण इन जिलों में खेतों में पानी भर गया है, जिससे कटी पड़ी धान की फसलें बर्बाद हो रही हैं। बलिया और मऊ जैसे जिलों में किसान भीगी फसलों को ऊंची जगहों पर ले जाने को मजबूर हैं। मऊ में एक किसान ने बताया कि उसकी लगभग 70 प्रतिशत फसलें बर्बाद हो गई हैं। किसानों के अनुसार, इतना ही नहीं पशुओं का दाना-चारा सब खराब हो गया है। मोन्था के कारण आई तेज हवाओं से खड़ी धान की फसलें गिर गई हैं, और भीगी फसल में दाने खराब होने और फफूंद लगने की आशंका है। वहीं उत्तरप्रदेश के वाराणसी में बीते 30 घंटों से रिमझिम बारिश हो रही है और लुढ़कते पारे ने 8 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिससे वाराणसी में अक्टूबर सबसे ठंडा महिना साबित हुआ है। प्रदेश



की राजधानी लखनऊ में लगातार तीसरे दिन सूरज के दर्शन नहीं हुए। बनारस के अलावा प्रयागराज, गोंडा, अयोध्या, जौनपुर, गाजीपुर और आजमगढ़ में भी बारिश हो रही है। जिससे आमजन को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को अपनी खराब होती धान की फसलों को लेकर चिंता सता रही है। किसानों को डर हैं कि ये बारिश का दौर यदि कुछ दिन और चल गया तब बची हुई फसल भी बेकार हो सकती है। वहीं किसानों की फसल को हुए नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सर्वेक्षण कराकर आपदा से प्रभावित किसानों को मुआवज़ा देने का निर्देश दिया है। यह बारिश गेहूं, चना, मसूर, मटर और सरसों की बुआई के लिए अच्छी है, क्योंकि मिट्टी में पर्याप्त नमी आ गई है, जिससे बुआई आसान होगी और अंकुरण अच्छा होगा। लेकिन ये बारिश धान के लिए काल बन गई है।

## मेरा दाऊद इब्राहिम से दूर-दूर तक लेना देना नहीं, पर वह आतंकवादी नहीं था

**–अभिनेत्री से साध्वी बनी ममता के बयान से सोशल मीडिया पर मची हलचल**

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेत्री से साध्वी बनी ममता कुलकर्णी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। ग्लैरस भरी जिंदगी छोड़ अध्यात्मिक राह पर चली ममता अपने बयानों को लेकर चर्चा बटोरती हैं। हाल ही में वह डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर दिए बयान को लेकर खबरों में हैं। हाल ही में जब उनसे गोरखपुर में डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मेरा दाऊद से दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं था। किसी एक का नाम जरूर था, लेकिन आप देखोगे उसने कोई बम ब्लास्ट या एंटी नेशनल चीज नहीं की थी। देश के अंदर, मैं उनके साथ तो नहीं हूं...वह आतंकी नहीं था, जिनके साथ आप मेरा नाम लेते हो, उन्होंने मुंबई में बम ब्लास्ट नहीं किया। दाऊद को मैं अपने जीवन में कभी नहीं मिली। इस बयान के बाद ममता कुलकर्णी सुर्खियों में हैं।

दरअसल, ममता कुलकर्णी का नाम विक्की गोस्वामी के साथ जुड़ा रहा है, माना जा रहा है कि डॉन दाऊद के सवाल पर विक्की गोस्वामी का नाम लिए बिना कहा कि वो आतंकवादी नहीं थे। ऐसे में



दाऊद इब्राहिम के समर्थन में ममता के चौकाने वाले बयान ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है।

अपने ही बयान पर ममता कुलकर्णी ने सफाई देते हुए कहा कि बयान को ठीक तरीके से सुने और साधु-संत विवेक का इस्तेमाल करें। उनका नाम कभी दाऊद से नहीं जुड़ा... कुछ समय के लिए विक्की गोस्वामी से जुड़ा था, लेकिन उसका नाम कभी देश विरोधी गतिविधियों में नहीं आया। बता दें ममता महामंडलेश्वर यमाई किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर लक्ष्मी किन्नर के साथ गोरखपुर में एक कार्यक्रम का हिस्सा बनी। 90 के दशक में अपनी खूबसूरती और एक्टिंग से सबका दिल जीतने वाली ममता कुलकर्णी अब संन्यास ले चुकी हैं और अब महामंडलेश्वर यमाई ममता नंदगिरी बन गई हैं।

# सरदार पटेल ने एकजुट करके आधुनिक भारत का स्वरूप प्रदान किया: कुमार विश्वास

नोएडा (एजेंसी)। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर कवि कुमार विश्वास ने आधुनिक भारत के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के नक्शे को निर्माण करने की दिशा में सरदार वल्लभ पटेल ने उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन नीति नियंताओं की वजह से इस देश को विभाजित करना पड़ा था। ऐसी स्थिति में भारत को एकजुट करने की दिशा में सरदार पटेल के योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कुमार विश्वास ने कहा कि भारत की आजादी के बाद जिस तरह से सभी रियासतों को सरकार पटेल ने एकजुट करके आधुनिक भारत का स्वरूप प्रदान किया, उसे देश कभी नहीं भूल सकता है। आज हम उन्हीं की स्मृति में दौड़ रहे हैं। हम



यह कामना करते हैं कि जिस गति के साथ हमारा देश मौजूदा समय में प्रगति कर रहा है, आगे भी उसी गति के साथ प्रगति करता रहे। देश की प्रगति के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत पर भी कुमार विश्वास ने खुशी जताते हुए कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। बेटियां हमेशा से ही भारत का नाम ऊंचा करती आई हैं। बेटियों ने देश के लोगों को गौरवान्वित किया है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

मिस यूनिवर्स शेरी सिंह ने भी सरदार पटेल की जयंती पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हमारे देश में विवधिता के बावजूद भी एकता बनी रहे। यह हमारी ताकत है। मैं यही चाहूंगी कि हमारे घर की बेटियां खुले आसमान में आगे बढ़े। उन्हें बंधनमुक्त समाज मिले। उन्हें भी आगे बढ़ने की संभावना मिले। यूट्यूबर अमित भड़ाना ने सरकार पटेल की जयंती पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि इस खास मौके पर नोएडा में इतने बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम को भी जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी महिला क्रिकेट टीम ने शानदार जीत हासिल की है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। मैच दिलचस्प रहा। भारतीय महिला टीम की जीत उनके सशक्तिकरण का प्रतीक है। सभी महिला खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। गायक गिरिक अमन ने सरदार पटेल की जयंती पर नोएडा पुलिस की तरफ से आयोजित किए गए रन फॉर यूनिटी की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन में शामिल हुए सभी युवाओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है, जो कि हम सभी लोगों के लिए अच्छी बात है। मैं तो चाहता हूं कि इसी तरह का आयोजन आगे भी होते रहे। हमारी ख्वाहिश है कि हमारा भारत सोने की चिड़िया बने।

## बुजुर्ग ने रोकी राबड़ी की कार, कहा– आप राघोपुर को सौतेला मानते हैं, आपदा में भी नहीं आए

पटना (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है। यहां अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशी घर घर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कोशिश के चलते पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी राजद की परंपरागत सीट राघोपुर पहुंची और राजद के लिए वोट मांगे। इसी दौरान एक बुजुर्ग ने उनकी कार रोकी और कहा कि अब चुनाव आ गए है तो वोट मांगने आप लोग आ गए। उस वक्त कहां थे जब हम लोग बाढ की आपदा से जूझ रहे थे। आप लोग राघोपुर को सौतेला बेटा मानते हैं क्या? इस राबड़ी देवी हाथ जोड़ती नजर आईं और जनता के गुस्से के देखते हुए बिना कुछ बोले आगे बढ़ गईं। वायरल वीडियो ने सबका ध्यान खींच लिया है! राबड़ी देवी, जो अपने बेटे तेजस्वी यादव के लिए प्रचार करने राघोपुर पहुंचीं थीं, उन्हें जनता के तीखे सवालों का सामना करना पड़ा। राघोपुर सीट लालू परिवार का परंपरागत गढ़ मानी जाती है। लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी यहां से कई बार विधायक रह चुके हैं, और तेजस्वी यादव भी 2015 से इसी सीट से चुनाव जीतते आए हैं। लेकिन इस बार हालात कुछ बदले–बदले नज़र आ रहे हैं। राबड़ी देवी ने समझाने की कोशिश करते हुए कहा, राघोपुर बिहार का सबसे प्यारा विधानसभा क्षेत्र है। लेकिन बुजुर्ग का गुस्सा शांत नहीं हुआ, उन्होंने जवाब दिया – तेजस्वी बाढ़ में नहीं, सिर्फ चुनाव में घूमते हैं! स्थिति को भांपते हुए राबड़ी देवी ने शांत भाव से बुजुर्ग की बातें सुनीं और हाथ जोड़कर आगे बढ़ गईं।

# राज ठाकरे ने शिंदे को दी चुनौती कहा- अगर नमो सेंटर बनाए गए तो हम तोड़ देंगे

मुंबई (एजेंसी)। कभी हिंदी के नाम पर तो कभी बाहरी के नाम पर आए दिन मारपीट और थप्पड़बाजी के लिए पहचान बना चुकी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना यानी मनसे ने अब एक नया मसला प्रकट किया है। मसला ये है कि खुद मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को खुली चुनौती दी है। उन्होंने कहा है कि अगर ऐतिहासिक किलों पर नमो पर्यटन केंद्र बनाए गए, तो उन्हें तोड़ देंगे। खबरें थी कि राज्य सरकार ने ऐसे केंद्रों के लिए 20 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इसके अलावा ठाकरे ने चुनावों में ईवीएम के इस्तेमाल पर भी सवाल उठाए हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में ठाकरे ने मनसे कार्यकर्ताओं से कहा, कुछ अखबारों में खबरें छपी हैं कि राज्य सरकार हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों पर नमो टूरिज्म सेंटर्स बनाने की योजना बना रही है। यह शहरी विकास विभाग के तहत हो रहा है, जो एकनाथ शिंदे की अगुवाई है। उन्हें एक नमो केंद्र बनाने दो, हम उसे तबाह कर देंगे। ये आम स्थल नहीं हैं। ये स्थल महाराष्ट्र के लिए



पवित्र हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिंदे को लेकर उन्होंने कहा, सिर्फ उपमुख्यमंत्री बने रहने के लिए कितनी चापलूसी की जरूरत है? शायद प्रधानमंत्री को भी अंदाजा नहीं है कि यहां कितनी चटुकारिता हो रही है।

### ईवीएम के मुद्दे पर उद्धव के साथ खड़े है राज


शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और मनसे अध्यक्ष राज सहित महाविकास अघाडी के शीर्ष नेता मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं के खिलाफ मुंबई में एक नवंबर को होने वाले विपक्ष के विरोध मार्च का नेतृत्व करेंगे। गुरुवार को उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे और पवार ने यहां एक बैठक की, जिसमें संयुक्त रैली की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। इस बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता नसीम खान, शेतकरी कामगार पक्ष के जयंत पाटिल और वामपंथी दलों के नेता भी मौजूद थे।

### विरोध मार्च का समर्थन करेगी कांग्रेस

पूर्वी महाराष्ट्र में गृहनगर बुलढाणा में पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि उनकी पार्टी विरोध मार्च का पूरी तरह से समर्थन करती है। हालांकि, खुद मार्च में भाग लेने के सवालों को वह टाल गए। सपकाल ने कहा, कोई एक नेता महत्वपूर्ण नहीं हैं। जो भी जाएगा, वह पार्टी का प्रतिनिधित्व करेगा। महत्वपूर्ण बात मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित करने और उन्हें अपडेट करने की मांग है। यह मुद्दा (मतदाता सूचियों में अनियमितताओं का) सबसे पहले कांग्रेस ने उठाया था।

# साल 2025 में अब तक 2,790 भारतीयों को अमेरिका से भारत भेजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों को ट्रंप प्रशासन ने वापस भारत भेज दिया है। साल 2025 में अब तक 2,790 भारतीयों को अमेरिका से वापस भेजा गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ये व्यक्ति मानदंडों को पूरा नहीं करते थे और वहां अवैध रूप से रह रहे थे। उन्होंने कहा, इस साल जनवरी से अब तक हमारे पास ऐसे लगभग 2,790 से अधिक भारतीय नागरिक हैं जो मानदंडों को पूरा नहीं करते थे। वे वहां अवैध रूप से रह रहे थे। हमने उनकी साख और राष्ट्रीयता की जांच की। वे लौट आए हैं।



प्रवक्ता जायसवाल ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मामले की जांच की गई ताकि व्यक्ति की भारतीय राष्ट्रीयता की पुष्टि हो सके, उसके बाद ही प्रत्यावर्तन किया गया। उन्होंने कहा, हमने उनकी साख और राष्ट्रीयता की जांच की, उसके बाद वे लौटे। उन्होंने जोर दिया कि निर्वासन भारत और अमेरिकी अधिकारियों के बीच स्थापित कानूनी और कूटनीतिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए किए गए।

अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश करने वाले भारतीय नागरिकों की संख्या में तेज गिरावट आई है, जो चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा की ओर से यह जानकारी दी गई। अक्टूबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच अमेरिकी अधिकारियों ने बिना अनुमति के देश में प्रवेश करने की कोशिश करने वाले 34,146 भारतीयों को हिरासत में लिया, जो पिछले वित्तीय वर्ष में दर्ज 90,415 हिरासतों से 62 प्रतिशत की गिरावट है। 28 अक्टूबर को जारी रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने इसे ऐसी घटनाओं में तेज और निरंतर गिरावट बताया है। एमईए प्रवक्ता ने यूनाइटेड किंगडम से निर्वासन के सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस साल सत्यापन के बाद लगभग 100 भारतीय नागरिकों को वापस भेजा गया है। उन्होंने कहा, यूके की ओर से इस साल हमारे पास लगभग 100 भारतीय नागरिक हैं जिन्हें उनकी राष्ट्रीयता की हमारी ओर से उचित जांच के बाद निर्वासित किया गया है। भारत और उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के बीच अवैध प्रवेश और वीजा ओवरस्टे का मुद्दा गरमाया हुआ है। ये आंकड़े अवैध प्रवासन को अधिक प्रभावी ढंग से रोकने के चल रहे प्रयासों को उजागर करते हैं।

# अब राफेल होगा और अधिक शक्तिशाली, वायूसेना को मिलेंगी मेटेओर मिसाइल

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर में मिली बड़ी कामयाबी के बाद भारतीय वायूसेना में और जेश भर गया है। इसके बाद से सेना के अपडेट होने की गति भी बढ़ी है। इसी कड़ी में अब भारतीय वायुसेना अब अपनी मारक क्षमता को और मजबूत करने जा रही है। जल्द ही बड़ी संख्या में 'मेटेओर एयर-टू-एयर मिसाइलें खरीदने की योजना बना रही है। ये मिसाइलें भारत की बियॉन्ड-विजुअल-रेंज (बीवीआर) क्षमता को नई ऊंचाई देंगी। इन यूरोपीय निर्मित मिसाइलों में रैमजेट प्रणोदन प्रणाली है, जो इन्हें उच्च गति, लंबी मारक दूरी और 'पहला वार, पहली जीत में दक्षता प्रदान करती है। बता दे कि पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना पाकिस्तान को नाक से चने बीनने को मजबूर कर दिया था।

एमबीडीए कंपनी से इन मिसाइलों की खरीद का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय में विचाराधीन बताया जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, जल्द ही उच्चस्तरीय बैठक में इसे मंजूरी मिलने की संभावना है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास 2016 में फ्रांस से खरीदे गए 36 राफेल लड़ाकू विमानों पर पहले से ही मेटेओर मिसाइलें तैनात हैं। आने वाले वर्षों में भारतीय नौसेना के लिए आदेशित 26 राफेल मरीन जेट्स में भी इन मिसाइलों को शामिल किया जाएगा। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, मेटेओर मिसाइलों की नई खेप मिलने के बाद भारत की हवाई सीमा सुरक्षा और दुश्मन पर दूर से प्रहार करने की क्षमता में गुणात्मक वृद्धि होगी।

भारत ने विदेशी मिसाइलों के साथ-साथ अपनी स्वदेशी मिसाइल प्रणाली को भी सशक्त करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। डीआरडीओ वर्तमान में 700 से अधिक 'अस्त्र मार्क-2' मिसाइलें विकसित कर रहा है, जिनकी मारक क्षमता 200 किलोमीटर से अधिक होगी। इन्हें सुखोई-30 और तेजस विमानों पर लगाया जाएगा। वहीं, राफेल बेड़े को मेटेओर मिसाइलों के साथ-साथ भविष्य में स्वदेशी एंटी-रेडिएशन मिसाइलें देने की भी योजना है। बता दें कि मई में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों और आतंकी अड्डों को सटीक हमलों में नष्ट कर दिया था। भारतीय लड़ाकू विमानों ने लंबी दूरी से दुश्मन ठिकानों को निशाना बनाया, जिसके बाद पाकिस्तानी वायुसेना ने चीनी पीएल-15 मिसाइलों से जवाबी हमला किया, लेकिन कोई उल्लेखनीय नुकसान नहीं पहुंचा सकी। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान ने बड़ी संख्या में चीनी पीएल-15 मिसाइलें दागीं मगर वे भारतीय विमानों को हिट करने में नाकाम रहीं।



## संपादकीय

### किसानों का एक और 'यलगार'

अब बारी महाराष्ट्र के नाराज किसानों की है। राज्य में भाजपा-महायुति सरकार बने 10 माह बीत चुके हैं। किसान अशांत और असंतुष्ट हैं कि चुनाव के दौरान कर्जमाफी, फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद, दिव्यांग किसानों के मानदेय आदि पर जो वायदे किए गए थे, अभी तक अधूरे हैं। उन्हें लागू क्यों नहीं किया जा रहा है? महाराष्ट्र सरकार आर्थिक संकट का रोना रो रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीती 29 अक्टूबर को तुरंत कर्जमाफी से इंकार कर दिया है। फसल बीमा योजना किसानों को बेवकूफ बना रही है। कंपनियां मालामाल हो रही हैं। राज्य सरकार 1 रुपए की जो 'प्रतीकात्मक किस्त' देती थी, उसे भी बंद कर दिया गया है, क्योंकि उससे 5000 करोड़ रुपए की बचत हुई है। लिहाजा किसान एक बार फिर आंदोलित हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के नागपुर में 'यलगार' का उद्घोष किया है। करीब 1.5 लाख किसानों ने सडकें अवरुद्ध कर चक्का जाम कर दिया है, नतीजतन बॉम्बे उच्च न्यायालय को खुद संज्ञान लेकर आदेश जारी करना पड़ा है कि किसान सडकें, राजमार्ग खाली करें। जनता को बहुत असुविधा हो रही है, लेकिन बुधवार रात तक किसान 'यलगार' को जारी रखने पर आमादा थे। आंदोलन का नेतृत्व पूर्व मंत्री बच्चू कडू कर रहे हैं, जो 'प्रहार जनशक्ति पार्टी' के संस्थापक हैं। सवाल है कि 'यलगार' किसानों का है अथवा यह राजनीतिक लामबंदी है? हालांकि राज्य सरकार ने जून, 2025 में कर्जमाफी पर एक कमेटी बनाई थी। उसकी रपट और अनुशंसाएं आ गई हैं अथवा नहीं, यह अभी निश्चित नहीं है। दरअसल बुनियादी मुद्दा किसान की कर्जमाफी का है। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने 2008 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की रूपरेखा के मुताबिक, किसानों के 72, 000 करोड़ रुपए के कर्ज माफ किए थे। इस आंकड़े पर विवाद है, क्योंकि मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी का दावा है कि कुल 53, 000 करोड़ रुपए के कथित कर्ज माफ किए गए। उनमें कई लाभार्थी 'फर्जी' थे अथवा कुछ लोग दिवंगत हो चुके थे, लेकिन उनके नाम पर कर्जमाफी की गई। बहरहाल इस आंकड़े को भी छोड़ते हैं, लेकिन उसके बाद कर्जमाफी एक 'राजनीतिक फैशन' बन गई, लिहाजा राज्य सरकारों ने भी किसानों के कर्ज माफ किए।

## चिंतन-मनन

### व्यक्ति-निर्माण समाज पर निर्भर

व्यक्ति का निर्माण केवल उसी पर नहीं, बहुत कुछ अंशों में समाज पर निर्भर है।इसलिए उसे अपने निर्माण को समाज के निर्माण में देखना है। सफलता का पहला सूत्र है- मूल्यों का परिवर्तन। समाज का निर्माण मूल्यों के परिवर्तन से ही होता है। स्वार्थ और संग्रह, ये दोनों मूल्य जब विकसित होते हैं तब व्यक्ति पुष्ट होता है और समाज क्षीण। क्षीण समाज में समर्थ व्यक्तित्व विकसित नहीं हो पाते। आज का समाज सही अर्थ में क्षीण है। उसे पुष्ट करने के लिए स्वार्थ और विसर्जन के मूल्यों को विकसित करना जरूरी है। इनसे समाज पुष्ट होगा। पुष्ट समाज में समर्थ व्यक्तित्व पैदा होंगे। क्षीण कोई नहीं होगा। मैंने देखा है स्वार्थ और संग्रह परायण समाज ने अनेक प्रकार की क्रूताओं और अनैतिकताओं को जन्म दिया है। इसे बदलना क्या आज के सामाजिक व्यक्ति का कर्तव्य नहीं है? सफलता का दूसरा सूत्र है- शक्ति का विकास। शक्ति के दो स्रोत हैं- मानसिक विकास और संगठन। मानसिक विकास के लिए धर्म का अभ्यास और प्रयोग करना जरूरी है। संगठन की शक्ति का विस्फोट इतना हुआ है कि अब इसमें कोई विवाद ही नहीं है।

हमारे पूज्य भिक्षु स्वामी ने संगठन का मूल्य दो शताब्दी पूर्व ही समझ लिया था। उनके अनुयायियों को क्या उसे अब भी समझना है। वात्सलता और सहानुभूति को विकसित किए बिना संगठन सुदृढ़ नहीं हो सकता। आज सबकुछ शक्ति-संचय के आधार पर हो रहा है। इसलिए संगठन अब अनिवार्य हो गया है। छोटे-छोटे प्रश्न इस महान कार्य में अवरोध नहीं बनने चाहिए। सफलता का तीसरा सूत्र है- शातौर परिवर्तन का यथार्थ-बोध। कुछ स्थितियां देशकालातीत होती है। उन्हें बदलने की जरूरत नहीं है, किंतु देशकाल सापेक्ष स्थितियों का देशकाल के बदलने के साथ न बदलना असफलता का मुख्य हेतु है। परिवर्तन के विषय में युवकों का दृष्टिकोण बहुत स्पष्ट होना चाहिए। बदलना अपने आप में कोई उद्देश्य नहीं है और नहीं बदलना कोई सार्थकता नहीं है। बदलने की स्थिति होने पर बदलना विकास की अनिवार्य प्रक्रिया है।


**आवश्यकता है**

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552


## महागठबंधन की राह चुनौती बने ओवैसी


कुमार कृष्णन

बिहार चुनाव की राजनीतिक सरगर्मी अपने चरम पर है और जुबानी जंग तेज हो गई है। इसी क्रम में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मुंगेर के चरवाहा विद्यालय परिसर में महागठबंधन को अपने निशाने पर लिया। इसके अलावा गोपालगंज और अन्य क्षेत्रों में भी जनसभाएं की। हेलीकॉप्टर से चुनावी जंग में प्रवेश हुआ। उन्होंने महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार (तेजस्वी यादव) और उपमुख्यमंत्री उम्मीदवार (वीआईपी के मुकेश सहनी) पर तीखा तंज कसा। उन्होंने सवाल उठाया कि जहां मल्लाह समाज (3 फीसदी आबादी) के नेता को उपमुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाता है, वहीं राज्य की 17 फीसदी मुस्लिम आबादी को न तो मुख्यमंत्री और न ही उपमुख्यमंत्री का पद दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ये सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि खुले तौर पर राजनीतिक भेदभाव है, जिससे मुस्लिम समुदाय को दरकिनार किया जा रहा है।

ओवैसी ने महागठबंधन की सामाजिक न्याय की परिभाषा पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि 14 फीसदी आबादी वाले यादव समाज का नेता मुख्यमंत्री चेहरा रहा है (तेजस्वी यादव), और 3 फीसदी आबादी वाले मल्लाह समाज का बेटा उपमुख्यमंत्री का उम्मीदवार है (मुकेश सहनी)। उन्होंने सीधे-सीधे पूछा कि जब इन समुदायों को मौका मिल रहा है, तो 17 फीसदी की बड़ी आबादी वाले मुसलमानों को न मुख्यमंत्री बनने दिया जाता है और न उप मुख्यमंत्री। ओवैसी के अनुसार, ये महागठबंधन की रणनीति में एक बड़ा विरोधाभास और राजनीतिक पाखंड है।ओवैसी ने महागठबंधन के उपमुख्यमंत्री उम्मीदवार मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी की राजनीतिक हैसियत पर भी सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि वीआईपी महागठबंधन में चौथे नंबर की पार्टी है। हैरानी की बात ये है कि वर्तमान में उनका न कोई विधायक है और न ही कोई सांसद है। उन्होंने कहा कि राजद (74 विधायक), कांग्रेस (19 विधायक), सीपीआई-माले (12 विधायक) और अन्य लेफ्ट दलों (4 विधायक) के बाद भी एक ऐसी पार्टी को उप मुख्यमंत्री चेहरा बनाया गया, जिसका विधानसभा में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। ओवैसी केवल महागठबंधन पर ही नहीं रुके। उन्होंने बीजेपी और जदयू को भी घेरा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार 20 साल से सत्ता में हैं, लेकिन उनका दिल अभी भी राजगीर में है, जबकि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी का ध्यान सिर्फ अपने बेटे तेजस्वी पर है। साथ ही, उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उनका दिल तो अहमदाबाद में बसता है। ओवैसी ने कहा कि जब वो मुसलमानों के अधिकारों की बात करते हैं, तो उन्हें बीजेपी की बी-टीम कह दिया जाता है, जबकि कोई भी मुख्य दल उनके अधिकारों की बात नहीं करता। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि मुस्लिम समुदाय अपनी खुद की नेतृत्व क्षमता विकसित करे। ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' का दावा करने वाली भाजपा चुनावों में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं देती। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर 'घुसपैठियों' का मुद्दा उठाकर साम्प्रदायिक माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए ओवैसी ने कहा, 'अगर इतनी घुसपैठ होती है तो बीएसएफ किसलिए तैनात है?' ओवैसी ने कहा कि कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और समाजवादी पार्टी जैसे दल भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के डर का हवाला देकर मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति करते हैं, लेकिन वे न तो भाजपा को रोक पाए हैं, न ही टिकट बंटवारे में मुसलमानों को उचित प्रतिनिधित्व दे पाए हैं। उन्होंने मुसलमानों से उनकी पार्टी एआईएमआईएम को वोट देने की अपील करते हुए कहा, यदि वे चाहते हैं कि उनके मुद्दे विधानसभा में मजबूती से उठें, तो उन्हें अपना नेतृत्व खुद चुनना होगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के 'नमक हराम' वाले बयान की भी आलोचना करते हुए कहा कि, सरकार की योजनाओं से मिलने वाला लाभ जनता का हक है, किसी शासक की बपौती नहीं है। ओवैसी ने प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा, 'मोदी का दिल अहमदाबाद में, नीतीश का दिल राजगीर में, और लालू का दिल अपने बेटे में बसता है। आम लोगों के लिए किसी का दिल नहीं धड़कता।'

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने जारी अपनी सूची में पार्टी ने कुल 25 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। महागठबंधन (इंडिया ब्लॉक) में शामिल होने का प्रस्ताव ठुकराए जाने के बाद, एआईएमआईएम ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है और अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

पार्टी ने इस बार अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए दो



गैर-मुस्लिम चेहरों को भी टिकट दिया है, जो बिहार में अपने जनाधार को सिर्फ मुस्लिम समुदाय तक सीमित न रखने का एक स्पष्ट संकेत है। इनमें ढाका विधानसभा सीट से पूर्व भाजपा विधायक के भाई राणा रणजीत सिंह और सिकंदरा (एसी सुरक्षित सीट) से मनोज कुमार दास का नाम शामिल है।

एआईएमआईएम की इस सूची में सबसे प्रमुख नाम बिहार इकाई के अध्यक्ष और एकमात्र विधायक अख्तरुल ईमान का है, जिन्हें एक बार फिर अमौर सीट से मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा, सीमांचल क्षेत्र पर पार्टी का विशेष ध्यान बना हुआ है, जहां पिछली बार (2020) में उसने 5 सीटें जीती थीं। कोचाधामन, बहादुरगंज, किशनगंज, बायसी और जोकीहाट जैसी मुस्लिम बहुल सीटों पर पुराने और नए चेहरों को मौका दिया गया है।एआईएमआईएम का सीमांचल क्षेत्र पर विशेष ध्यान मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है, खासकर सीमांचल के इलाकों में जहां मुस्लिम वोट बंटने की आशंका से महागठबंधन की राह कठिन हो सकती है। पार्टी ने कहा है कि उसका लक्ष्य बिहार के सबसे वंचित और उपेक्षित तबकों की आवाज बनना है।

## बदलते भारत की सशक्त तस्वीरः महिला क्रिकेट टीम की उड़ान


दिलीप कुमार पाठक



महिला वर्ल्ड कप 2025 सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 338 रनों का लक्ष्य चेज कर 5 विकेट से जीत हासिल की है और फाइनल में प्रवेश किया। अब तक यह कारनामा कभी नहीं हुआ था ' ये हमारी बेटियों की प्रतिभा एवं मेहनत का प्रतिफल है ' कुछ हासिल करने में वक़्त लगता है ' अब जब हम आईसीसी मुख्यालय देखने जाएंगे तो आईसीसी ने अपने मुख्यालय के मुख्य दरवाजे पर एक तस्वीर लगा रखी है, उस तस्वीर में दिख रही है गाँव की एक छोटी सी लड़की हाथ में बैट - गेंद लेकर क्रिकेट खेल रही है, ये तस्वीर आईसीसी के विजन को दर्शाती है ' आईसीसी चाहता है कि क्रिकेट दुनिया की आखिरी लड़की तक पहुंचें और उसी दिन क्रिकेट की प्रमुख सफलता होगी '

आईसीसी चाहता तो सर डॉन ब्रैडमैन, सचिन तेंदुलकर, शेन वार्न की तस्वीरें लगा सकता था, परंतु आईसीसी चाहता है कि दुनिया में ये संदेश जाए कि क्रिकेट केवल पुरुषों का खेल नहीं है ' इस जेंटलमैन खेल का लिंग से कोई लेना देना नहीं है, बल्कि शारीरिक फिटनेस एवं इच्छाशक्ति मायने रखती है ' हमारे देश में जहां आम तौर पर बेटियाँ क्रिकेट नही खेलतीं चूंकि हमारे यहां लोगों की धारणाएं हैं कि ये खेल तो लड़कों का है, हमारे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियां न तो क्रिकेट खेलती हैं, और न देखती हैं, यही कारण है कि पूरी तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट की समझ विकसित नहीं हुई है ' इस बार बेटियों की सफलता भारत की ग्रामीण लड़कियों के लिए भी दरवाजे खोल देगी ' हमारे देश में हर क्षेत्र में बेटियों ने अब तक परचम लहराया है, परंतु क्रिकेट के क्षेत्र में हमारे देश की बेटियाँ दशकों से संघर्ष कर रहीं हैं, हालांकि इस बार फाइनल में पहुँचने के बाद उम्मीदें बढ़ गईं हैं ' भारतीय महिला क्रिकेट टीम इतिहास रचने के करीब है, यह बदलते हुए भारत की सशक्त तस्वीर है ' पहले भारत में महिला क्रिकेटरों में केवल अंजुम चोपड़ा ही फेमस थीं, परंतु धीरे-धीरे ही सही आज पूरी टीम की लड़कियां दुनिया भर में अपनी पहिचान रखती हैं, जिनका दर्जा किसी सुपरस्टार से ज़्यादा है ' महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, ओपनर स्मृति मन्धना, शेफाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष हरलीन देओल सहित स्टार महिला क्रिकेट पूरी दुनिया में भारत की क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करती हैं जिनमे मिताली राज, झूलन गोस्वामी जैसी पूर्व स्टार क्रिकेटर्स भी शामिल हैं '

महिला वनडे विश्व कप 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए फोबे लिचफील्ड के 119 रनों की मदद से 338 रन बनाए। जवाब में भारत ने जेमिमाह रोड्रिगेज की नाबाद 127 और कप्तान हरमनप्रीत कौर की 89 रनों की पारी के दम पर 48.3 ओवर में 341/5 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यह महिला वनडे क्रिकेट इतिहास का सबसे बड़ा सफल लक्ष्य पीछा है, साथ ही वनडे विश्व कप (पुरुष-महिला) के नॉकआउट मुकाबले में पहली बार 300 से अधिक रनों का चेज हुआ है। इस मैच की शुरूआत भारत के लिए चुनौतीपूर्ण रही। पावरप्ले में शेफाली वर्मा (10) और स्मृति मंधाना (24) जल्दी आउट हो गईं। लेकिन जेमिमाह और हरमनप्रीत ने तीसरे विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी कर मैच को संभाला। जेमिमाह ने 134 गेंदों में 17 चौके जड़ते हुए नाबाद 127 रन बनाए, जबकि हरमनप्रीत ने 88 गेंदों पर 89 रन ठोके। बाद में दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष और अमनजोत कौर ने उपयोगी योगदान दिया। अंतिम ओवरों में भारत ने दबाव में भी संयम बनाए रखा और 7 गेंद शेष रहते जीत दर्ज की। यह जीत ऑस्ट्रेलिया के 15 मैचों के विश्व कप अजेय क्रम को भी समाप्त करने वाली साबित हुई। इस जीत ने कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। महिला वनडे में सबसे बड़ा सफल लक्ष्य चेज अब भारत के नाम है और ऑस्ट्रेलिया के 331 रनों के पुराने रिकॉर्ड को भारतीय खिलाड़ियों ने पीछे छोड़ दिया है। वनडे विश्व कप के नॉकआउट चरण में यह पहला मौका है जब 300 से अधिक रनों का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया गया हो। इससे पहले पुरुष वर्ग में 2015 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 298 रनों का लक्ष्य चेज किया था। यह जीत भारतीय महिला क्रिकेट के लिए मील का पत्थर है। 2005 और 2017 के फाइनल हार के बाद तीसरी बार फाइनल में पहुंची टीम अब खिताब की प्रबल दावेदार है। 3 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबला होगा। स्टेडियम में गूंजे भारत माता की जय के नारों ने इस ऐतिहासिक जीत को और भी यादगार बना दिया। यह चेज अब रिकॉर्ड बुक में दर्ज है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

एक एतिहासिक विजय क्रिकेट को बदल कर रख देती है, जिस तरह से भारतीय क्रिकेट 1983 की विजय के बाद गाँव - गाँव पहुँच गया था, ठीक इस बार भी बेटियों की विजय बने बनाए प्रतिमानों को तोड़ देगी कि क्रिकेट लड़कों का खेल है और यह यह बदलते हुए भारत की सशक्त तस्वीर होगी, पूरा भारत अपनी बेटियों के विजय की राह देख रहा है '

(लेखक पत्रकार हैं )

## मध्यप्रदेश में निवेश, नवाचार और रोजगार के संकल्प का अभ्युदय

मध्यप्रदेश आज अपनी स्थापना के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। एक नवंबर 1956 को अस्तित्व में आये मध्यप्रदेश में विकास की नई यात्रा विगत दो दशकों से आरंभ हुई, जो प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाने की संभावनाओं तक पहुंच गई है। यह सुखद संयोग है कि आज देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हमारे तीज, त्यौहार और परंपराएं हमारी संस्कृति का आधार हैं। उत्सव के आनंद से ही भविष्य निर्माण के भाव निर्मित होते हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश में सभी त्यौहारों को व्यापक स्वरूप में मनाया जा रहा है। अपने त्यौहारों का सांस्कृतिक संदर्भ ही हमें पुरातन से नूतन की प्रेरणा देता है। हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत का हृदय मध्यप्रदेश वन, जल, अन्न, खनिज, शिल्प, कला, संस्कृति, उत्सव और परंपराओं से समृद्ध है। हमें मां नर्मदा, चंबल, पार्वती, शिप्रा नदियों का सान्निध्य और बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त है। यह भगवान परशुराम की जन्मस्थली, भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षास्थली और आदि शंकराचार्य जी की तपोस्थली है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने चित्रकूट में लंबा समय व्यतीत किया है। इतिहास प्रसिद्ध राजा नल, भर्तृहरि, विक्रमादित्य की जन्म स्थली भी मध्यप्रदेश रही है। सम्राट विक्रमादित्य ने ही शकों के आतंक से भारत को मुक्त किया था। संसार की पहली वैज्ञानिक कालगणना ₹विक्रम संवत₹ का आरंभ भी मध्यप्रदेश के उज्जैन से हुआ था।

मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि हम अपने ऐतिहासिक गौरव की दिव्यता और प्राकृतिक भव्यता के साथ विरासत से विकास की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए विकसित भारत निर्माण का संकल्प दिया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारा देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प को साकार करने और विकसित भारत निर्माण के लिए मध्यप्रदेश में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में उद्योग वर्ष मनाने के साथ राज्योत्सव की थीम 'उद्योग और रोजगार' रखी गई है। इसमें प्रदेश के सतत विकास, सांस्कृतिक समृद्धि और जनभागीदारी का भाव है।

यशस्वी प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से हमें निवेश और औद्योगिक विकास की यात्रा को परिणाम में बदलने का अवसर प्राप्त हो रहा है। विविधता से समृद्ध मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता, क्षमता और दक्षता है, जिसमें अनंत संभावनाएं हैं। इसी को केन्द्र में रखकर हमने प्रदेश




में रीजनल इन्वेस्टर्स समिट का नवाचार किया। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश के हर क्षेत्र का कौशल और उद्योग इसमें शामिल हुआ है। व्यापार को सरल बनाने और निवेशकों से सीधे संवाद के लिए हमने मार्च 2024 से उज्जैन से निवेश यात्रा शुरू की और फिर जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा, शहडोल, नर्मदापुरम, मुंबई, कोयंबटूर, बेंगलुरु, पुणे, दिल्ली, यूके, जर्मनी, जापान, दुबई तक इसे विस्तार दिया। विभिन्न सम्मेलनों, राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय रोड-शो के माध्यम से मध्यप्रदेश के निवेश में कई गुना वृद्धि हुई है।

निवेशकों को एक सक्षम, सरल और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया गया है। प्रदेश में इनोवेशन हब, स्टार्टअप पॉलिसी, फंडिंग सपोर्ट और इन्क्यूबेशन नेटवर्क स्थापित कर देश की स्टार्टअप क्रांति को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

मुझे यह बताते हुए खुशी है कि मध्यप्रदेश ने पिछले एक वर्ष में औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों ने प्रदेश में निवेश के प्रति गहरी रुचि दिखाई है। खनिज कॉन्क्लेव में प्रदेश को 56 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, जो खनिज नीति और प्रशासनिक सरलता का परिणाम हैं। आईटी पार्क, इलेक्ट्रॉनिक निर्माण इकाइयां और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी निवेश को प्रोत्साहन मिला है।

मुझे यह बताते हुए हर्ष है कि प्रदेश एक ऐसे परिवर्तनकाल से गुजर रहा है जहां निवेश, नवाचार और रोजगार आधार स्तंभ हैं। लगभग दो वर्षों में प्रदेश ने उद्योग, कृषि, दुग्ध उत्पादन, पर्यावरण, ऊर्जा और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं।

भारत के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ऋअठ) के सम्मान का मंत्र दिया है। विकास के इन आधार स्तंभ के अनुरूप प्रदेश विकास और कल्याण के लिए युवा शक्ति, गरीब कल्याण, किसान कल्याण और नारी सशक्तिकरण मिशन के तहत कार्य किया जा रहा है।

गरीब कल्याण मिशन में स्वरोजगार और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, आवास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधा आदि की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश कौशल विकास मिशन और स्टार्टअप नीति 2025 ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर में परिवर्तित किया है। कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को उद्योग-आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रोजगार मेले, अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम और डिजिटल स्किल सर्टिफिकेशन जैसे प्रयास युवाओं को रोजगार से जोड़ रहे हैं। रोजगार सृजन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासकीय और निजी क्षेत्रों में युवाओं के लिए स्थायी, कुशल और सम्मानजनक अवसर उपलब्ध किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने शासकीय भर्ती का कैलेण्डर जारी किया और उसके अनुरूप भर्ती प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है।

कृषि क्षेत्र को नवाचार के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक नई क्रांति का सूत्रपात हुआ है। प्रदेश सरकार ने ड्रोन आधारित फसल निरीक्षण, स्मार्ट सिंचाई प्रणाली और कृषि उत्पाद मूल्य संवर्धन पर विशेष फोकस किया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और मुख्यमंत्री खेत-तालाब योजना सहित अन्य प्रयासों से किसानों के लिए सिंचाई क्षेत्र बढ़ाने का लगातार प्रयत्न किया जा रहा है। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना से प्रदेश के किसानों को सिंचाई और पानी की सुविधा व्यापक स्तर पर उपलब्ध होगी। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 52 लाख हेक्टेयर से अधिक हो चुका है। इसे दोगुना करने का लक्ष्य है। आगामी 3 वर्षों में सिंचाई क्षेत्र का रकबा 100 लाख हेक्टेयर करने की योजना है। कृषि उपज का प्रत्यक्ष भुगतान, ऑनलाइन मंडी व्यवस्था और जैविक खेती के प्रोत्साहन ने अन्नदाताओं की आय में वृद्धि की है। मध्यप्रदेश गेहूं, सोयाबीन, चना और मसालों के उत्पादन में अग्रणी प्रदेश हैं। महिला सशक्तिकरण को आर्थिक स्वावलंबन से जोड़ने की दिशा में नारी शक्ति मिशन परिवर्तनकारी सिद्ध हो रहा है। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा मिली है। महिला उद्यमिता नीति के तहत महिलाओं को लघु उद्योग, डेयरी, हस्तशिल्प और सेवा क्षेत्र में अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। महिलाओं द्वारा संचालित स्व-सहायता समूह को वित्तीय सहायता और बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह मिशन नारी शक्ति ही नहीं बल्कि नये भारत की आधारशिला है।

गौ-धन हमारी अर्थव्यवस्था का स्थायी स्तंभ बने इसके लिए हमने गौ-संवर्धन और दुग्ध उत्पादन को आर्थिक नवाचार का केंद्र बनाया है। मुख्यमंत्री गौ-संवर्धन मिशन के तहत प्रदेशभर में गौ-अभयारण्य और गौ-सेवा केंद्रों की स्थापना की गई है। लगभग दो वर्षों में प्रदेश ने दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक वृद्धि हासिल की है।

मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और प्रदेशवासियों के सहयोग और संबल से कल्याणकारी नीतियों और निर्णयों को अमल में लाने में सफलता प्राप्त हुई है। मध्यप्रदेश की स्वर्णिम यात्रा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ आगे बढ़ रही है। गरीब के चेहरे पर मुस्कान, किसान की खुशहाली, नारी का सम्मान और युवाओं का उज्ज्वल भविष्य हमारा संकल्प भी है और लक्ष्य भी। आइये, हम सब मिलकर समग्र विकास के साथ आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाएं और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

प्रदेशवासियों को मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस की मंगलकामनाएं...।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर अमरोहा में 'रन फॉर यूनिटी' का किया गया आयोजन







**अमरोहा(सब का सपना):-** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत जनपद अमरोहा के सभी थानों पर 'राष्ट्रीय एकता के लिए दौड़' (रन फॉर यूनिटी) का भव्य आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश व समस्त क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों के नेतृत्व में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों, रिक्रूट आरक्षियों, स्कूली छात्र-छात्राओं, स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'एकता अमर रहे' जैसे नारों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

जिले के मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बम्बूगढ़ से मिनी स्टेडियम तक रन फॉर यूनिटी को फ्लैग-ऑफ करके किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी, रिक्रूट आरक्षी, थाना अमरोहा नगर व अमरोहा देहात के पुलिसकर्मी, पुलिस लाइन स्टाफ और बड़ी संख्या में नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में एसपी ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और एकता, अखंडता तथा देशभक्ति के संकल्प को दोहराया गया। वही रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अंतर्गत हसनपुर मे अम्बेडकर चौक, से अस्पताल रोड व गजरौला अड्डा होते हुए थाने तक दौड़ आयोजित की गई जिसमे क्षेत्राधिकारी हसनपुर, थाना पुलिसकर्मी, स्थानीय व्यापारी, नागरिक और स्कूली बच्चे शामिल हुए। थाना गजरौला में इंदिरा चौक से भानपुर फाटक तक दौड़ कराई गई। जिसमें क्षेत्राधिकारी धनौरा, थाना पुलिसकर्मी, स्कूली बच्चे और स्थानीय नागरिकों ने उत्साह दिखाया। थाना बछरायूं में कुण्डा रोड से थाना बछरायूं तक, रजबपुर में थाना गेट से चौकी हाईवे तक दौड़ कराई गई जिसमे थाना पुलिसकर्मी, रिक्रूट आरक्षी और स्कूली बच्चे शामिल रहे। थाना सैदनगली में सरस्वती विद्या मंदिर से ग्राम मेंहदीपुर तक, थाना आदमपुर में कस्बा आदमपुर से शीतला सराय चौराहे तक, थाना रहरा में थाना से कस्बा रहरा तक, डिडौली में थाना डिडौली सिख इंटर कॉलेज से सैदनगली रोड तक, पुलिसकर्मी, एनसीसी कैडेट्स और स्कूली छात्र, थाना पुलिसकर्मी, स्कूली बच्चे और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। धनौरा में थाना मण्डी धनौरा गेट से ग्राम गनौरा तक रन फॉर यूनिटी के अंतर्गत दौड़ का आयोजन कराया गया जिसमें पुलिसकर्मी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि ह्लयह दौड़ केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और भाईचारे के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जनपद पुलिस ने इस आयोजन के माध्यम से संदेश दिया कि एकता में ही शक्ति है, और यही हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी पहचान है। यह कार्यक्रम सरदार पटेल के राष्ट्र एकीकरण के योगदान को याद करने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का सफल प्रयास साबित हुआ।

## हसनपुर कोतवाली में सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई गई जयंती





**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** शुक्रवार को हसनपुर कोतवाली में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों व व्यापारी सुरक्षा फोरम के पदाधिकारी नें उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की, और उनके योगदान को स्मरण किया गया। इस कार्यक्रम में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के संदेश को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। जिसमें देश की अखंडता और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत बनाने की बात कही गई। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150बी जयंती के अवसर पर कोतवाली से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कोतवाल प्रेमपाल सिंह नें बताया, कि इस वर्ष यह दिवस' एक भारत आत्मनिर्भर भारत' कि थीम पर मनाया जो रहा है। सरदार पटेल की जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और संकल्प का प्रतीक है। जिसमे व्यापारी सुरक्षा फॉर्म के सभी पदाधिकारी /कार्येकर्ता और पुलिसकर्मियों सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तिगरी गंगा धाम में रन फॉर यूनिटी एवं स्वच्छता अभियान का हुआ भव्य आयोजन






**अमरोहा (सब का सपना):-** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, अमरोहा द्वारा गंगाधाम, तिगरी, गजरौला में रन फॉर यूनिटी के तहत एक भव्य पदयात्रा एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अखंडता, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता की भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात पीआरडी जवानों, भारत स्काउट एवं गाइड के बच्चों, तथा सफाई कर्मियों ने एकता और स्वच्छता के संदेश के साथ क्षेत्र में पदयात्रा निकाली। पदयात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने नागरिकों को एकता, भाईचारे और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी सेक्टरों में विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा भी तिगरी मेला स्थल पर झाडू से सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी अमरोहा, सरिता द्विवेदी ने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और कहा कि स्वच्छता केवल एक दिवस का कार्य नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का सतत कर्तव्य है। सभी ने सरदार पटेल के आदर्शों को याद करते हुए देश की एकता, अखंडता और स्वच्छता के प्रति अपने संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम का संचालन युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, अमरोहा द्वारा किया गया। पूरे आयोजन का वातावरण देशभक्ति और एकता की भावना से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी अमरोहा, ऋषि कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अश्वनी कुमार, प्रदीप कुमार, गौरव कुमार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# डेंगू रोगी के घर के आसपास मलेरिया विभाग ने की सोर्स रिडक्शन और फॉगिंग की कार्रवाई

**सम्भल(सब का सपना):-** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सम्भल के निदेशों के अनुपालन में मलेरिया विभाग ने ब्लॉक जुनावई के ग्राम नन्दपुर में डेंगू रोगी के घर के आसपास व्यापक स्तर पर सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही की। इस दौरान नालियों में लावीसाईडल स्प्रे, घरों में स्पेस स्प्रे और पूरे ग्राम में फॉगिंग कराई गई। विभागीय टीम ने मच्छरों के प्रजनन स्थलों को खत्म करने पर विशेष जोर दिया, ताकि डेंगू वायरस के प्रसार को रोका जा सके। कार्यवाही के दौरान ग्राम में कुल 108 घरों की जांच की गई, जिसमें एक घर में लार्वा पॉजिटिव पाया गया। घरों के अंदर 65 कंटेनरों की जांच हुई, जिनमें से एक कंटेनर में लार्वा मिला। पानी से भरे 12 कंटेनरों को खाली कराया गया। लार्वा पाए गए घर को नोटिस जारी किया गया। स्पेस स्प्रे 55 घरों में किया गया, जिसमें 85 कमरों को कवर किया गया।kमलेरिया विभाग के अधिकारियों ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए सोर्स रिडक्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने का प्रभावी तरीका है। ग्रामीणों को सलाह दी गई कि वे घर के आसपास साफ-सफाई रखें, पानी का जमाव न होने दें और खुले बर्तनों को ढककर रखें। सोर्स रिडक्शन के प्रमुख उपाय, पानी के जमाव को रोकें, कूलर, टंकियां और अन्य बर्तनों को नियमित साफ करें व खाली करें। पुराने टायरों, बेकार बर्तनों से पानी हटाएं। साफ-सफाई बनाए रखें,घर के आसपास कूड़ा न जमा होने दें, कूड़ेदान नियमित खाली करें। मच्छरों से बचाव, खिड़कियों-दरवाजों पर जाली लगाएं, मच्छर भगाने वाले स्प्रे/क्रीम और मच्छरदानी का उपयोग करें। विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि इन उपायों को अपनाकर डेंगू के खतरे से बचा जा सकता है। आगे भी ऐसे अभियान चलाए जाएंगे।

# भारतीय मानव कल्याण समिति ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभ भाई पटेल को किया याद

**चंदौसी/सम्भल (सब का सपना):-** भारतीय मानव कल्याण समिति के तत्वाधान में सीता रोड स्थित आकाश कुमार शर्मा के प्रतिष्ठान पर पूर्व उप प्रधानमंत्री भारतरत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके मनाई।मुख्य वक्ता समिति प्रबन्धक डॉ टीएस पाल ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाड गांव में झबेरभाई पटेल एवम लाडवा देवी की संतान के रूप में हुआ। उनको 'लौह पुरुष' की उपाधि उनके दृढ़ संकल्प, नेतृत्व और देश को एकजुट करने के असाधारण प्रयासों के कारण दी गई। यह उपाधि उनकी प्रशासनिक क्षमता और अडिग व्यक्तित्व को दशार्ती है, जिसने उन्हें भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद की।स्वतंत्रता के बाद, उन्होंने बिखरी हुई 562 में जम्मू कश्मीर को छोड़कर 561 रियासतों को भारतीय संघ में एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके अथक प्रयासों के कारण ही भारत एक अखंड राष्ट्र बन सका।सरदार पटेल ने प्रशासनिक क्षमता से हर चुनौती का सामना



किया, जिसमें हैदराबाद के निजाम को हराकर उसे भारत में मिलाना भी शामिल है।मुख्य अतिथि जीके सिल्वर स्टोन के एमडी मनोज कुमार गुप्ता मीनू ने कहा स्वतन्त्रता आन्दोलन में सरदार पटेल का सबसे पहला और बड़ा योगदान 1918 में खेडा संघर्ष में हुआ। गुजरात का खेडा खण्ड (डिविजन) उन दिनों भयंकर सूखे की चपेट में था। किसानों ने अंग्रेज सरकार से भारी कर में छूट की मांग की। जब यह स्वीकार नहीं किया गया तो सरदार पटेल, गांधीजी एवं अन्य लोगों ने किसानों का नेतृत्व किया और उन्हे कर न देने के लिये प्रेरित किया। अन्त में सरकार झुकी और उस वर्ष करों में राहत दी गयी। यह सरदार पटेल की पहली सफलता थी। विशिष्ट अतिथि राजकुमार ठाकरे ने कहा सरदार पटेल के कार्यों ने भारत की एकता और अखंडता को मजबूत किया,जिससे वह देश की एकता के प्रतीक बन गए।वह एक बेहतरीन और कर्मठ प्रशासक थे, जो हर काम की बारीकियों को समझते थे और फिर उस पर दृढ़ता से फैसला लेते थे। उन्होंने भारतीय सिविल सेवाओं को भी मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश गुप्ता तथा संचालन डॉ जय शंकर दुबे ने किया। इस दौरान संयोजक आकाश शर्मा, एड.शुभम अग्रवाल, सुशील भोलेनाथ, सुधीर गुप्ता, संजय सैनी एड, प्रमोद कुमार गुरु, श्यामसुंदर दुबे, मोहित कुमार, नरेंद्र कुमार, राजेश गुप्ता, रोशनलाल आदि उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय बीजनपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर छात्रों को किया गया सम्मानित





**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के गंगेश्वरी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय बीजनपुर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती को बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने भाग लेकर देश की अखंडता और एकता का संकल्प लिया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक पवन अग्रवाल द्वारा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए छात्र-छात्राओं को उनके जीवन के आदर्शों पर चलने के बारे में बताया गया। इस दौरान भारत माता की जय के नारे लगाए व देशभक्ति गीत गाए गए। कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक कक्षा से सबसे अधिक उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिससे बच्चों में उत्साह का संचार हुआ। आगे प्रधानाध्यापक पवन अग्रवाल ने बताया कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत को 562 रियासतों का एकीकरण कर अखंड राष्ट्र का स्वरूप प्रदान किया, और आज के युवाओं को उनके त्याग, संघर्ष तथा एकता के मूल्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक पवन अग्रवाल की अगुवाई में ग्राम प्रधान पुत्र नौशाद अहमद, ग्रामवासी छिद्दन ठेकेदार, जितेंद्र कुमार, प्रानसुख तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती: अमरोहा में गंगा मेला पर स्वच्छता का अनोखा संदेश





**अमरोहा (सब का सपना):-** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे देश में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। इस पावन पर्व पर उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में एक अनूठा स्वच्छता अभियान चलाया गया, जो सरदार पटेल के एकता और सेवा के आदर्शों को साकार करता नजर आया। तिगरी गंगा धाम में आयोजित गंगा मेले के सदर चौक पर जिलाधिकारी (डीएम) निधि गुप्ता वत्स ने स्वयं झाड़ू थामकर सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। यह अभियान मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अश्वनी कुमार मिश्र की प्रेरणा से जिला पंचायती राज अधिकारी पारुल सिसोदिया और पंचायती राज विभाग की टीम द्वारा संचालित किया गया।अमरोहा के तिगरी गंगा धाम में गंगा मेला भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने वाला प्रमुख धार्मिक आयोजन है। यहां गंगा स्नान और पूजा-अर्चना के लिए दूर-दरज के श्रद्धालु आते हैं। मेले के दौरान सफाई की कमी से प्रदूषण और अस्वच्छता की समस्या आम है, जो गंगा की पवित्रता को प्रभावित करती है। इसी चुनौती से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने सरदार पटेल जयंती को अवसर बनाया। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने सदर चौक पर पहुंचकर झाड़ू उठाई और पंचायती राज विभाग की टीम के साथ मिलकर कचरा साफ किया। उन्होंने कहा, "सरदार पटेल जी ने देश को एकजुट किया, आज हम स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से पर्यावरण को एकजुट रखें। गंगा मां की गोद स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है।" उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि मेला क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त रखें और सामूहिक रूप से सफाई में योगदान दें। इस अभियान में पंचायती राज विभाग के एडीओ पंचायत गजरौला, पंचायत सचिव, सफाईकर्मी, स्काउट-गाइड के बच्चे और स्थानीय निवासी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में डीएम ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई, जिसमें प्रतिभागियों ने वादा किया कि वे दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाएंगे और कचरा विभाजन करेंगे। यह शपथ सरदार पटेल के 'एकता में शक्ति' के सिद्धांत से प्रेरित थी।यह स्वच्छता अभियान न केवल तिगरी गंगा धाम को साफ-सुथरा बनाने में सफल रहा, बल्कि स्थानीय लोगों में जागरूकता भी पैदा की।

सरदार पटेल के जन्म शताब्दी वर्ष में ऐसे कार्यक्रम देशभर में चल रहे हैं, जो उनके योगदान को स्मरण कराते हुए वर्तमान पीढ़ी को सेवा और एकता का पाठ पढ़ा रहे हैं। गंगा मेला अब न केवल धार्मिक महत्व का केंद्र बनेगा, बल्कि स्वच्छता का प्रतीक भी।

# तिगरी गंगा मेले में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान




**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले में तिगरी गंगा मेले में सखी वन स्टाफ सेंटर और महिला कल्याण विभाग की टीम ने महिलाओं व बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया। इस अवसर पर हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ विमेन (DHW) और सखी वन स्टॉप सेंटर (OSC) की संयुक्त टीम ने मेले में पहुंचकर हजारों महिलाओं व युवतियों को लक्षित कर पंपलेट वितरित किए। इन पंपलेटों के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य रूप से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना पर जोर दिया गया, जो बालिकाओं के जन्म से उच्च शिक्षा तक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। टीम ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और अन्य मुद्दों पर त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार किया। महिला हेल्पलाइन 1090 (महिलाओं के लिए विशेष), चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 (बच्चों की सुरक्षा) और महिला हेल्पलाइन 181 पर कॉल करने की सलाह दी गई। आपातकालीन चिकित्सा के लिए 102 (प्रसव संबंधी) और 108 (सामान्य एम्बुलेंस) सेवाओं का भी उल्लेख किया गया। सखी केंद्र के माध्यम से पीड़ित महिलाएं बिना किसी भेदभाव के मदद पा सकती हैं। इसी प्रकार, चाइल्ड हेल्पलाइन के कानूनी पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें बाल श्रम, शोषण और शिक्षा के अधिकारों की रक्षा शामिल है। अभियान के दौरान स्थानीय महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई ने योजनाओं के लिए आवेदन करने की इच्छा जताई।यह अभियान मिशन शक्ति का हिस्सा है,

जो महिलाओं व बालिकाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित है। मेले के आयोजन के बीच यह प्रयास सराहनीय रहा, क्योंकि यहां पहुंचने वाली महिलाओं को सीधे लाभ मिला।

# ग्राम चौपाल में सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता की शपथ

## योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगे स्टाल

**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** विकासखंड पवांसा के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय धुरैटा में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। यह चौपाल 'गाँव की समस्या, गाँव में समाधान' थीम पर आधारित थी, साथ ही लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकता चौपाल भी मनाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य, आईसीडीएस, बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण, पशुपालन, कृषि आदि द्वारा स्टाल लगाए गए। ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और मौके पर ही लाभ वितरित किया गया। समाज कल्याण विभाग ने पेंशन योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर फोकस किया। पहले जहां लाभार्थी को 51 हजार रुपये मिलते थे, अब इसे बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया है। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुओं के बीमा, टीकाकरण, गलघोटू,




खुरपका, मुंहपका और थनैला रोग आदि पर जागरूकता फैलाई। आईसीडीएस की सीडीपीओ ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने आयुष्मान गोल्डन कार्ड, टीकाकरण, एएनसी जांच पर जोर देते हुए कहा, "स्वस्थ नारी परिवार को सशक्त बनाती है। कृषि विभाग ने कृषि यंत्रीकरण, सोलर पंप, फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री और एफपीओ गठन के लाभ बताए। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने प्राथमिक विद्यालयों में आए बदलाव और शैक्षिक गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा मजबूत करने और पोषण पर ध्यान देने की अपील की। आईसीडीएस के तहत गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम भी हुए। जिलाधिकारी डॉ. पैंसिया ने सरदार पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एकता चौपाल का शुभारंभ किया और सभी को जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय एकता दिवस 'रन फॉर यूनिटी' के रूप में मनाया जाता है। पटेल जी ने बल और प्रेम की दो शक्तियों से एकता का प्रमाण दिया। वेद काल से अब तक हम एकता निभा रहे हैं।" ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए और एकता-अखंडता की शपथ दिलाई। कृषि विभाग के तहत किसानों को बीज वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, ग्राम प्रधान एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और योजनाओं का सीधा लाभ मिला।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण, साफ-सफाई व सुरक्षा पर दिए निर्देश






**बहजोई/सम्भल(सब का सपना):-** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने शहजादी सराय स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, लॉग बुक और अन्य व्यवस्थाओं की गहन जांच की।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने ईवीएम भंडार कक्ष का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल को कक्षों एवं भवन की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के साथ ही दीमक ट्रीटमेंट कराने के सख्त निर्देश दिए। इसके अलावा, छत पर लगे पानी के टैंक में लीकेज की समस्या पर ध्यान देते हुए उसे तत्काल ठीक कराने और छत की नियमित साफ-सफाई पर विशेष जोर देने को कहा। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को भी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश जारी किए गए। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका डॉ. मणिभूषण तिवारी, नायब तहसीलदार तथा अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने नए आपराधिक कानूनों की जानकारी से नागरिकों को किया जागरूक

**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** भारतीय न्याय व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाले नए कानूनों–भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए)–के प्रभावी कार्यान्वयन को मजबूत बनाने के लिए पुलिस ने पहल करते हुए आमजन को जागरूक किया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देश में जनपद भर में पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, स्कूलों, कॉलेजों एवं विद्यालयों में 'NCL जागरूकता अभियान 2.0' का आयोजन किया। इस अभियान के तहत चौपालों का आयोजन कर आम नागरिकों, छात्र-छात्राओं को नए आपराधिक कानूनों (बीएनएस 2023, बीएनएसएस 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम




2023) के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। इस दौरान विशेष फोकस 'शून्य एफआईआर' (Zero FIR) की अवधारणा, ई-एफआईआर, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से जुड़े प्रावधानों, नए अपराधों, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग तथा पीड़ित-केंद्रित प्रावधानों पर रहा। पुलिस टीम ने इन सभी विषयों पर विस्तृत जानकारी देते हुए आम जनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया। यह कार्यक्रम नागरिकों, युवाओं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को नए कानूनों की प्रावधानों, उनके लाभों तथा दैनिक जीवन पर प्रभाव के बारे में शिक्षित करेगा। ये नए कानून औपनिवेशिक काल की पुरानी दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम को प्रतिस्थापित कर आधुनिक, नागरिक-केंद्रित और तकनीकी रूप से सशक्त न्याय प्रक्रिया की नींव रखते हैं। मुख्य बदलावों में डिजिटल साक्ष्यों को मान्यता, समयबद्ध जांच, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और भ्रष्टाचार-रोधी प्रावधान शामिल हैं। अभियान का उद्देश्य आम जनता को इन परिवर्तनों से परिचित कराना है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित और न्यायोचित बने। नए कानून न्याय की गति को तेज करने के साथ-साथ समाज में कानून के प्रति विश्वास को मजबूत करेंगे। सम्भल पुलिस ने इसे सामूहिक दायित्व बताते हुए कहा कि यह जागरूकता अभियान हर नागरिक को सशक्त बनाएगा। अभियान में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उन्होंने नए प्रावधानों की सराहना की।

# बहजोई पुलिस ने किया एक वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**बहजोई/सम्भल(सब का सपना):-** जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान ने एक और सफलता हासिल की है। थाना बहजोई की पुलिस टीम ने आर्म्स एक्ट के तहत वांछित आरोपी भोजराज पुत्र मुंशी सिंह निवासी ग्राम बहादपुर नगर, थाना बहजोई को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। अभियान के तहत गठित विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी के ठिकाने से




हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना बहजोई के उप निरीक्षक अरूण कुमार और हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार प्रमुख भूमिका में मौजूद रहे। एसपी कृष्ण कुमार ने इस सफलता पर पुलिस टीम को बधाई देते हुए कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा। जनपद में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी थानों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# साइबर फ्रॉड में फंसे युवक को पुलिस ने दिलाई 6000 रुपये की राशि वापस

**बबराला/संभल(सब का सपना):-** जनपद के कस्बा बबराला निवासी वैभव शर्मा को व्हाट्सएप पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा मुनाफे का लालच देकर 8000 रुपये ठग लिए गए थे। पुलिस की साइबर सेल टीम ने जांच कर पीड़ित को 6000 रुपये वापस दिलाए। जानकारी के अनुसार, वैभव शर्मा को 16 अक्टूबर को व्हाट्सएप पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने मुनाफे और लालच का प्रलोभन देकर रुपये की मांग की थी। वैभव ने उसी दिन दिए गए नंबर और दफ कोड के माध्यम से 8000 रुपये ट्रांसफर कर दिए, लेकिन इसके बाद ठग ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। परेशान होकर वैभव ने 18 अक्टूबर को हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल किया और एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच साइबर सेल थाना बबराला की टीम ने की।



जांच में पता चला कि ठगी की राशि राजस्थान के सवाई माधोपुर निवासी सतीश शर्मा पुत्र विनोद कुमार शर्मा के खाते में गई थी। पुलिस ने आरोपी की जानकारी जुटाकर कार्रवाई की और 30 अक्टूबर को पीड़ित वैभव शर्मा के खाते में 6000 रुपये वापस ट्रांसफर करा दिए। शेष राशि की वसूली के प्रयास जारी हैं। इस सफलता पर पीड़ित वैभव शर्मा ने साइबर टीम की भूरी-भूरी प्रशंसा की और संतुष्टि व्यक्त की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। नागरिकों से अपील की जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति के लालच में न आएं और संदिग्ध लेन-देन से बचें।

# सम्भल पुलिस ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित किया भव्य 'रन फॉर यूनिटी

**बहजोई/सम्भल(सब का सपना):-** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जनपद पुलिस ने कस्बा बहजोई में 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को मजबूत करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार गुलाब देवी, जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। एकता दौड़ में जनपद के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, रिक्रूट आरक्षी, एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र-







छात्राएं तथा सम्भ्रांत नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 'रन फॉर यूनिटी' रोडवेज बस स्टैंड बहजोई से शुरू होकर एस.डी. रिसोर्ट चंदौसी रोड पर समाप्त हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत', 'देश की एकता हमारी जिम्मेदारी' और 'सरदार पटेल अमर रहें' जैसे नारों से शहर में एकता और सद्भाव का संदेश फैलाया। "सरदार पटेल के जीवन से हमें देश की एकता, समर्पण और सेवा की प्रेरणा मिलती है। आज का दिन हमें यह संकल्प दिलाता है कि हम समाज में एकता और भाईचारे को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहें।" इसके बाद एस.डी. रिसोर्ट में सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनमानस को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधि, सहायक पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक कुमार, क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस कार्यालय की शाखाओं के समस्त प्रभारी, पुरुष/महिला पुलिसकर्मी एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

# डीआईजी और एसपी ने सिसौना डांडा मेले की सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा





**संभल(सब का सपना):-** थाना रजपुरा क्षेत्र अंतर्गत लगने वाले सिसौना डांडा मेले की तैयारियों को परखने के लिए पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) मुरादाबाद परिक्षेत्र मुनिराज और पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार ने मेले स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) संभल अनुकृति शर्मा, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर आलोक सिद्धू सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। डीआईजी और एसपी ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और आपातकालीन व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया। यह मेला क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है, जहां बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं। पुलिस प्रशासन की यह सक्रियता मेले को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# ज्योतिबाफूले चौराहे कलेक्ट्रेट तक रन फॉर यूनिटी का किया गया आयोजन

**अमरोहा (सब का सपना):-** स्वतन्त्र भारत के वास्तुकार लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती के अवसर पर मुख्य अतिथि सत्यपाल सैनी सदस्य विधान परिषद, उ0प्र0 एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, जिलाध्यक्ष भाजपा उदयगिरि गोस्वामी, सांसद कंवर सिंह तंवर, एम0एल0सी0 हरिसिंह ढिल्लो, विधायक हसनपुर महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र सहित जनप्रतिनिणिगण एवं जनपदीय अधिकारी, कर्मचारी और विद्यालय के छात्र-छात्रों के द्वारा ज्योतिबाफूले चौराहे कलेक्ट्रेट तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कलेक्टेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। उसके बाद अतिथि द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व जन प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुये कहा कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र




की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनायें रखने के लिये स्वयं को समर्पित करूँगा और अपने देशवासियों के बीच यह सन्देश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूँगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। तदोपरान्त अतिथि द्वारा रन फार यूनिटी में विजयी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि सतपाल सैनी ने कहा सरदार पटेल की 150वीं जयंती को विशेष रूप से मनाया जा रहा है यह उनके सम्मान के लिए है क्योंकि उन्होंने देश के लिए कोई सामान्य कार्य नहीं किया उनके कार्य का अभूतपूर्व थे। जब देश स्वतंत्र हुआ तब सभी लोग देश की स्वतंत्रता का जश्न मना रहे थे तब सरदार पटेल देश की 562 रियासतों को एक करने के लिए चिंतन कर रहे थे। उन्हीं के दृढ़ संकल्प से आज एक अखंड भारत निर्मित हुआ। उन्होंने कहा सरदार पटेल के अनुयाई के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्य




कर रहे हैं उनके संकल्प को आदर्श मानकर आज भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है आज भारत की तुलना बड़े-बड़े देशों से होती है। उन्होंने कहा पटेल जी ने देश को मजबूत बनाने के लिए संकल्प लिया वह कार्य किया हम सबको उसको आगे बढ़ना चाहिए। उसे विराट व्यक्तित्व के धनी पटेल जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतरकर एकता का पाठ जगाएं और देश को आगे बढ़ायें। सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि सरदार पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर उनके चरणों में नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को अपना पूरा जीवन न्योछावर करने वाले महान व्यक्तित्व के धनी सरदार पटेल जी के कार्य को हमें आगे बढ़ना चाहिए एकता के साथ आगे बढ़े, एकता होगी तो 2047 तक विकसित राष्ट्र हम बन पाएंगे यही हमारे प्रधानमंत्री की संकल्प है।

जिलाध्यक्ष भाजपा उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि भारत में रहने वाले सभी लोग एक हैं और एकता की मिशाल कायम किये हुये हैं। उन्होने कहा कि अलग भाषा धर्म तथा जाति के बावजूद भी हम सबको एकता के सूत्र में पिरोने का श्रेय सरदार पटेल को जाता है। राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिये स्वयं को समर्पित करने और देश की आंतरिक सुरक्षा में अपना योगदान सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। शपथ में कहा गया कि सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरशिता एवं कार्यो द्वारा जो एकता का भाव बनाया गया है, उसी एकता को हम भी बनाये रखेंगे।

जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि राष्ट्रीय एकता के दिवस के रूप में आज ऐसे व्यक्तित्व की जयन्ती मना रहे है जिन्होने भारत के अखंड निर्माण के लिये 562 रियासतें को एक किया। जिन्हें लौह पुरुष के नाम से भी जाना जाता है। जिलाधिकारी ने सभी लोगों से अपील करते हुये कहा कि हम सब एक थे, एक है और एक रहेंगे, चाहे भाषा, कल्चर कितने भी अलग हो लेकिन हमारी एकता हमारी शक्ति है। अगर हम एक रहेंगे तो दुनिया में चमकेंगे। एक रहेगें तो देश के लिए कार्य करें तभी पुनः सोने की चिड़िया भारत बनेगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# रंग बिरंगी रोशनी से नहाया तिगरी गंगा धाम, जगमगा उठी अस्थाई तंबुओं की नगरी

### आज होगा तिगरी गंगा मेले का शुभारंभ







**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** गंगा धाम तिगरी में लगने वाला ऐतिहासिक मेला अब पूरी तरह से सज धज कर तैयार हो चुका है। तिगरी मेला स्थल की रौनक दिन में दोगुनी रहती है तो रात में तिगरी के मेले की रौनक में चार चांद लग जाते हैं। गंगा धाम तिगरी में लगने वाले ऐतिहासिक गंगा स्नान के मेले की रात की रौनक को आप इन तस्वीरों में खुद ही देख सकते हैं कि मेले में रात्रि के समय जगमगाती रंग बिरंगी लाइटें अपने प्रकाश से पूरे गंगा धाम तिगरी को किस तरह से रोशन कर रही हैं। तिगरी मेला स्थल पर लगा



तंबू का अस्थाई शहर इस तरह से जगमगा उठा कि मानो तिगरी गंगा धाम में चार चांद लग गए हैं। इसके अलावा मेले का शुभारंभ आज शासन प्रशासन के उच्च अधिकारियों एवं राजनेताओं द्वारा मेरा स्थल पर



विधि विधान के अनुसार पूजा अर्चना कर किया जाएगा। मेले को पहले से और भी भव्य और यादगार बनाने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारीयां कर ली है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत 1 नवंबर को गंगा पूजन



और महा आरती के साथ की जाएगी, इसके बाद धनोरा के ब्लू बड्र्स स्कूल के विद्यार्थी प्रस्तुति देंगे नृत्यअंजलि फाउंडेशन लखनऊ द्वारा रामलीला मंचन और फोक डांस भी प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद 2



नवंबर को वृंदावन के बांसुरी ग्रुप द्वारा कृष्ण नृत्य वाटिका का आयोजन होगा ,इसी दिन टीवी कलाकार रजत सूद का कॉमेडी शो और जादूगर जुगनू का मैजिक शो भी देखने को मिलेगा। 3 नंबर को रागनी कलाकार और हरियाणवी डांस ग्रुप की रुचिका जांगिड़ का डांस शो आयोजित होगा इस दौरान बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर आकांक्षा शर्मा भी अपनी प्रस्तुति देंगी। 4 नवंबर को अमरोहा गोट टैलेंट शो के श्रेया खन्ना का डांस शो और बॉलीवुड सिंगर निष्ठा शर्मा का म्यूजिकल इवेंट होगा। इन आयोजनों के अलावा कॉमेडियन और टीवी कलाकार राजन श्रीवास्तव का कॉमेडी शो और एक कवि सम्मेलन भी मेले में आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## तिगरी गंगा मेले मे महिला के सीने में उठा तेज दर्द, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित



**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** गंगा धाम तिगरी मेले में एक 32 वर्षीय महिला की अचानक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला के सीने में तेज दर्द उठा था जिसके बाद उसको परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बता दें कि प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा धाम तिगरी मेले में एक 32 वर्षीय महिला रुचि शर्मा को सीने में दर्द के बाद अस्पताल ले जाया गया था ,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने हार्ट अटैक की आशंका जताई है, जानकारी के मुताबिक अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के चक छाई गांव निवासी गौरव शर्मा का परिवार तिगरी गंगा मेले में आया हुआ था ,शुक्रवार की सुबह गौरव की पत्नी रुचि शर्मा को अचानक सीने में तेज दर्द उठा इसके बाद परिवार के लोग रुचि शर्मा को मेले में लगे अस्थाई अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गजरौला सीएचसी रेफर कर दिया। सीएचसी पहुंचने पर डॉक्टर ने रुचि शर्मा को मृत घोषित कर दिया। गजरौला सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर योगेंद्र सिंह ने बताया कि महिला की मौत हार्ट अटैक से होने की आशंका है, क्योंकि परिजनों ने सीने में दर्द की शिकायत की थी ,घटना के बाद परिजन महिला के शव को अपने साथ घर ले गए हैं।

# हरियाणा के 3 लाख विद्यार्थियों को राहत, सरकार ने इन स्कूलों की बढ़ाई एक साल के लिए मान्यता



**हरियाणा:** हरियाणा सरकार ने राज्य के 1032 अस्थायी मान्यता प्राप्त स्कूलों को शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए मान्यता का एक साल का विस्तार प्रदान कर दिया है। इस निर्णय से लगभग 3 लाख विद्यार्थियों को राहत मिली है, जिनकी बोर्ड परीक्षाएं मान्यता न मिलने की स्थिति में प्रभावित हो सकती थीं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से कई बार मुलाकात के बाद निजी स्कूल संचालकों की यह मांग पूरी की गई। इन स्कूलों में अधूरी सुविधाओं और निर्धारित मानकों की अनुपालना न होने के कारण शिक्षा विभाग ने पूर्व में मान्यता रोक दी थी। विभाग का कहना है कि आगामी सत्र तक सभी स्कूलों को निर्धारित मानक पूरे करने होंगे, अन्यथा नए प्रवेश बंद कर दिए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अनुसार, जिन स्कूलों को विस्तार दिया गया है, वे 30 अप्रैल 2003 से पहले स्थापित हुए संस्थान हैं या फिर 30 अप्रैल 2003 से 31 मार्च 2007 के बीच हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से मान्यता प्राप्त कर चुके हैं। सभी स्कूलों को इस विस्तार की शर्तों को स्वीकार करते हुए एक शपथपत्र (एफिडेविट) जमा कराना होगा। प्रदेश में 2003 से अस्थायी मान्यता प्राप्त स्कूलों को हर वर्ष एक-एक वर्ष का विस्तार मिलता आ रहा है। उस समय कुल 3200 स्कूल थे, जिनमें से 2106 संस्थान अब स्थायी मान्यता प्राप्त कर चुके हैं। शेष 1032 स्कूल अभी भी भूमि और अधोसंरचना संबंधी कमी के कारण मानक पूरे नहीं कर पाए हैं। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह अस्थायी राहत अंतिम मानी जाए और आगामी शिक्षण सत्र तक सभी संबंधित संस्थानों को आवश्यक सुधार पूरे करने होंगे।

## रेवाड़ी में भीषण सड़क हादसा, कार-बाइक की आमने-सामने टक्कर, 3 लोगों की दर्दनाक मौत



रेवाड़ी : रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ रोड पर शुक्रवार को गांव मूंदी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब रेवाड़ी से डहीना जा रही एक बाइक और डहीना से रेवाड़ी आ रही एक कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। खोल थाना पुलिस के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार को भी भारी नुकसान पहुंचा। हादसे में बाइक सवार तीनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चौथा बाइक सवार रोहित और कार में सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान गांव बुढ़ौली निवासी 26 वर्षीय साहिल, 22 वर्षीय प्रशांत और 53 वर्षीय ओमप्रकाश के रूप में हुई है। तीनों आपस में चचेरे भाई और चाचा-भतीजे थे। सभी शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल भिजवाया और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कैथल में पिता-पुत्र को मिली उम्रकैद की सजा, युवक को बहाने से बुलाकर कर दी थी बेरहमी से हत्या



कैथल : कैथल जिला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एडीजे) डॉ. नंदिता कौशिक की अदालत ने हत्या के एक मामले में पिता और पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों दोषियों पर 50-50 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना न देने पर उन्हें 6-6 महीने की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। इस मामले में शामिल एक नाबालिग आरोपी को उसकी उम्र 21 वर्ष पूरी होने तक मधुबन स्थित सुरक्षा-स्पेशल होम में रखने के आदेश दिए गए हैं। अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि जुमार्ने की राशि मृतक की पत्नी पूजा देवी को दी जाए और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीड़िता को उपयुक्त मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया सुनिश्चित करे। बता दें कि हत्या का यह मामला थाना कलायत क्षेत्र का है, जहां प्लॉट के बंटवारे को लेकर मृतक का अपने बड़े भाई से विवाद चल रहा था। कई बार पंचायतें हुईं लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। 24 मार्च 2024 की रात आरोपी पिता-पुत्र मृतक को बहाने से बुलाकर ले गए और कमरे में बंद कर उसकी छुरी से हत्या कर दी। इस वारदात को मृतक की पत्नी ने अपनी आंखों से देखा था। जो इस केस की गवाह बनीं।

## हरियाणा सरकार ने बढ़ाया इन टीचरों का कार्यकाल, अब इस माह तक कर पाएंगे काम



चंडीगढ़ : हरियाणा सरकार ने राज्य के विद्यालयों में हरियाणा कौशल रोजगार निगम (HKRN) के माध्यम से कार्यरत टीजीटी शिक्षकों, आर्ट एजुकेशन असिस्टेंट और फिजिकल एजुकेशन असिस्टेंट का अनुबंध 30 नवंबर 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मौलिक शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किए गए हैं। पत्र के अनुसार, इन शिक्षकों का कार्यकाल पहले 30 सितंबर तक बढ़ाया गया था, जिसे अब एक माह और आगे बढ़ाया गया है। निर्देशों में कहा गया है कि सभी शिक्षक वर्तमान विद्यालयों में ही कार्य करते रहेंगे। वहीं, सरप्लस शिक्षकों को कार्यभार के अनुसार अन्य स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। इसके साथ ही किसी भी प्राचार्य या डीडीओ को सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किसी शिक्षक को कार्यमुक्त न करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

## कपालमोचन मेला: शाही स्नान को लेकर संतों में मतभेद, 2 गुट आमने-सामने



यमुनानगर : यमुनानगर के व्यासपुर में प्राचीन और ऐतिहासिक कपालमोचन मेला की तैयारियों के बीच संतों और महंतों के बीच मतभेद सामने आए हैं। कई वर्षों से अमृत स्नान के साथ मेले की शुरूआत करने वाले संत समुदाय अब शाही स्नान को लेकर दो गुटों में बंट गए हैं। एक गुट ने हाल ही में हुई बैठक में महंत शोभा दास की अगुवाई में अमृत स्नान शोभायात्रा निकालने का फैसला लिया, लेकिन स्थानीय महंतों ने इस निर्णय पर असहमति जताई है। उनका कहना है कि अब तक शाही स्नान की अध्यक्षता साधु षड्दर्शन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामस्वरूप के नेतृत्व में होती थी, जिनके निधन के बाद नई अध्यक्षता पर एक राय नहीं बन पाई है। विवाद को सुलझाने के लिए महंत शिव कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को घमंडी दास उदासीन डेरा, कपालमोचन में संतों और महंतों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें शाही स्नान की रूपरेखा पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# बेरोजगारी पर विपक्ष के सवालों पर मोहनलाल बडोली का जवाब, बोले- 25 हजार युवाओं को दी नौकरी, 50 लाख का हमारा लक्ष्य



सोनीपत : हरियाणा में विपक्ष लगातार सरकार पर युवाओं के साथ दगा करने का आरोप इसलिए लगा रहा है, क्योंकि हरियाणा में युवा बेरोजगारी के आरोप सरकार पर लगा रहे हैं और विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार को घेरने में लगा हुआ है। आज सोनीपत पहुंचे हरियाणा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया और कहा कि पिछले साल जब हरियाणा में बीजेपी तीसरी बार सत्ता में आई, तो उन्होंने एक साथ कई हजार युवाओं को नौकरी दी और अब अपने संकल्प पत्र के तहत युवाओं को आईएमटी खोलकर युवाओं को रोजगार देने का काम हो रहा है, तो उन्होंने कई मुद्दों पर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर की 150 जयंती पर पूरे देश ने मैराथन आयोजित की जा रही है और रन फॉर यूनिट के तहत सोनीपत में भी मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली और जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने एक साथ दौड़ लगाई। इस मौके पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने मीडिया के कई सवालों का जवाब दिया और बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। 50 लाख नौकरियां देने का लक्ष्य हमारा: बडोली वहीं, मोहनलाल बडोली ने बेरोजगारी पर विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पिछले साल जब हरियाणा में बीजेपी तीसरी बार सत्ता में आई तो उन्होंने एक साथ 25 हजार युवाओं को नौकरी दी और अब अपने संकल्प पत्र के तहत युवाओं को आईएमटी खोलकर युवाओं को रोजगार देने का काम हो रहा है। 50 लाख नौकरियां देने का हमारा लक्ष्य है और इस पर सरकार काम कर रही है। एनडीए गठबंधन बिहार में सरकार बनाने जा रही: बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बिहार चुनाव पर हरियाणा के बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने एक बार फिर दावा किया कि एनडीए गठबंधन बिहार में सरकार बनाने जा रही है ,विकास कार्यों पर वहां की जनता भरोसा कर रही है और 6 और 11 नवंबर को एनडीए के पक्ष में ड वोट डालेगी और राहुल गांधी और तेजस्वी की जोड़ी चुनाव हराने के बाद नहीं दिखेगी तो राहुल गांधी को मोहनलाल बडोली ने विदेशी ताकतों का प्रवक्ता बताया है राहुल गांधी पाकिस्तान, अमरीका जैसे देश का प्रवक्ता है।

## बहादुरगढ़ में अचानक मेट्रो ट्रेन के आगे कूदा युवक, चपेट में आने से हुई दर्दनाक मौत



बहादुरगढ़ : बहादुरगढ़ में दिल्ली की तरफ जाने वाली मेट्रो ट्रेन के सामने एक युवक अचानक कूद गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी ।सिटी थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि मृतक युवक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। फिलहाल मृतक के पास एक काले रंग का बैग मिला है, जिसमें कॉपी और किताबें हैं। शव के पास एक टूटा हुआ मोबाइल भी मिला है। पुलिस ने मोबाइल से डिजिटल डाटा निकालने का प्रयास शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं देश की राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्र से मृतक युवक की पहचान के संबंध में जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया है। पुलिस बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। ऐसे में अब देखना होगा कि पुलिस जांच में क्या कुछ निकल कर सामने आता है।

# गोहाना से सोनीपत और दिल्ली जाने वाली बसों का किराया बढ़ा, अब देने होंगे इतने रुपये



गोहाना : गोहाना से सोनीपत के बीच में गांव मोहाना के पास नया टोल शुरू होने से हरियाणा रोडवेज ने गोहाना सोनीपत और दिल्ली जाने वाले मार्ग पर 5 रुपये किराया बढ़ा दिया है। इस वृद्धि से यात्रियों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। अब यात्रियों को यात्रा के लिए अधिक भुगतान करना होगा, जिससे उनकी यात्रा योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं। रोडवेज विभाग ने यह फैसला राष्ट्रीय राजमार्ग 352 ए पर मोहाना के पास टोल चालू होने के बाद लिया है। पहले गोहाना से सोनीपत तक बस किराया 40 रुपये था, जिसे अब बढ़ाकर 45 रुपये कर दिया गया है। मोहाना के पास टोल लगने से रोडवेज की परिचालन लागत में वृद्धि हुई है, जिसके चलते विभाग ने किराया संशोधित किया है। यह बढ़ोतरी केवल गोहाना तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इस मार्ग पर पड़ने वाले अन्य गांवों के लिए भी लागू की गई है। अब गोहाना रूट पर लगने वाले हर बस स्टाप का किराया पांच रुपये बढ़ा दिया गया है। यह रूट सोनीपत जिले के प्रमुख स्थानीय मार्गों में से एक है। प्रतिदिन हजारों यात्री इस मार्ग पर सफर करते हैं। गोहाना रूट पर हर 15 मिनट में बस सेवा उपलब्ध रहती है। इसके साथ साथ गोहाना से दिल्ली जाने वाली बसों के किराये में भी पांच रुपये की बढ़ोतरी की गई है अब दिल्ली जाने वाले यात्रियों को 85 की बजाये 90 रुपये देने पड़ेगे

गोहाना बस स्टैंड पर डीआई सतीश कुमार ने बताया राष्ट्रीय राजमार्ग 352 ए पर मोहाना के पास टोल चालू होने के बाद गोहाना से सोनीपत तक बस किराया पांच रुपये बढ़ाया गया है पहले सोनीपत तक 40 रुपये था, जिसे अब बढ़ाकर 45 रुपये कर दिया गया है और गोहाना से सोनीपत होकर दिल्ली जाने वाले वाली बसों का किराया बढ़ाया गया है पहले दिल्ली का किराया 85 रुपये था अब 90 रुपये हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राजील में नशे की तस्करी पर बड़ा ऐक्शन, 119 से ज्यादा मौतें, भड़क गई जनता

**रियो डी जनेरियो, एजेंसी।** साउथ अमेरिका के देश ब्राजील में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह पर छापेमारी हुई है। इसमें 119 लोगों की मौत हो गई है। बुधवार को इन मौतों के बाद ब्राजील में काफी प्रदर्शन हुए। इसके अलावा गवर्नर से भी इस्तीफे की मांग की गई है। पुलिस की छापेमार कार्रवाई में रियो डि जनेरियो में ये मौतें हुई हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को शहर के इतिहास की सबसे घातक कार्रवाई माना जा रहा है। लोगों ने सड़क पर शव रख कर प्रदर्शन किए और पुलिस पर एक खास वर्ग के लोगों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। इन लोगों ने कहा कि पुलिस पर सख्त ऐक्शन होना चाहिए। बड़ी संख्या में लोग सरकारी मुख्यालय के सामने एकत्र हुए। उन्होंने नारे लगाए और लाल रंग से रंगे ब्राजीलियाई झंडे लहराए। मृतकों की संख्या और शवों की अवस्था (विकृति और चाकू के घाव आदि) को लेकर तत्काल सवाल उठने लगे। ब्राजील के उच्चतम न्यायालय, अभियोजकों और सांसदों ने गवर्नर कास्त्रो से अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान करने को कहा। कई नेताओं ने हैरानी जताई कि आखिर पुलिस के ऐक्शन में इतने लोगों की मौत कैसे हो सकती है। मृतकों की कुल संख्या अधिकारियों द्वारा पूर्व में बताई गई संख्या से कहीं अधिक है। अधिकारियों ने पहले कहा था कि 60 लोग मारे गए हैं। छापे की कार्रवाई लगभग 2,500 पुलिसकर्मियों और सैनिकों ने पेन्हा और कॉम्प्लेक्सो डी अलेमाओ में की थी। स्थानीय निवासी एलिसांगेला सिल्वा सैंटोस (50) ने पेन्हा में कहा, वे उन्हें जेल ले जा सकते थे, उन्हें इस तरह क्यों मार रहे हैं? उनमें से बहुत से जिंदा थे और मदद के लिए पुकार रहे थे। हां, वे तस्कर हैं, लेकिन वे इंसान हैं। पुलिस और सैनिकों ने हेलीकॉप्टरों, बख्तरबंद वाहनों और पैदल ही अभियान शुरू किया, जिसका लक्ष्य 'रेड कमांड' गिरोह था। फिलहाल ब्राजील में इस घटनाक्रम के चलते तनाव की स्थिति है और बड़ी संख्या में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल को तैनात किया गया है।

### अमेरिकी सीनेट में कनाडा पर टैरिफ लगाने के खिलाफ प्रस्ताव पास, ट्रम्प की पार्टी के सदस्यों ने भी समर्थन दिया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट में बुधवार को कनाडा पर टैरिफ लगाने के खिलाफ प्रस्ताव पास हुआ। इसका मकसद ट्रम्प की कनाडा पर टैरिफ लगाने के अधिकार को खत्म करना था। यह कदम हाल ही में कनाडा में 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के फैसले के बाद लिया गया। द हिल की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव 50-46 वोटों से पास हुआ। चार रिपब्लिकन सांसदों ने भी प्रस्ताव का समर्थन करते हुए टैरिफ खत्म करने के पक्ष में मतदान किया। सीनेट इससे पहले भी 2 अप्रैल को यह प्रस्ताव पास कर चुकी थी, लेकिन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने इसे आगे नहीं बढ़ाया, जिससे प्रक्रिया रुक गई थी। अब डेमोक्रेट सांसद टिम केन ने इसे फिर से पेश किया। उनका कहना है कि कनाडा पर ट्रम्प के टैरिफ लगाने का कोई कानूनी औचित्य नहीं है, क्योंकि इसे आपातकाल अधिनियम के तहत नहीं ठहराया जा सकता। ट्रम्प और कनाडा के बीच विवाद तब बढ़ गया जब कनाडा के ओंटारियो प्रांत ने वर्ल्ड सीरीज के दौरान टीवी पर एक विज्ञापन चलाया था।

### पाकिस्तान में छह सैनिकों की हत्या

**इस्लमाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को सुरक्षा बलों के काफिले पर हुए आईईडी हमले में एक कैप्टन समेत छह सैनिक मारे गए। सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के अनुसार, यह हमला अफगानिस्तान सीमा से सटे कुर्रम जिले के सुल्तानी क्षेत्र में हुआ। आतंकवादियों ने काफिले पर गोलीबारी की, जिसके बाद गोलीबारी के दौरान डोगर के पास आईईडी विस्फोट हुआ, जिससे भारी जनहानि हुई। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। जवाबी कार्रवाई में सात आतंकवादी मारे गए। हाल के महीनों में पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में तेजी आई है, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में, जहां पुलिस और सुरक्षा बलों को निशाना बनाया जा रहा है।

### फ्लोरिडा के विश्वविद्यालयों में एच-1बी वीजा पर नियुक्तियां समाप्त होंगी, गवर्नर डेसेंटिस का फरमान

फ्लोरिडा, एजेंसी। अमेरिका में एच-1बी वीजा का मुद्दा लगातार चर्चा में बना हुआ है। ताजा घटनाक्रम में फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने कहा है कि उनके राज्य में जितने भी विश्वविद्यालय हैं, वे अपने पदों पर नौकरियों के लिए अमेरिकियों को नियुक्त करें। गवर्नर के फरमान के मुताबिक कार्य वीजा पर विदेशी श्रमिकों को नहीं रखा जाएगा। उन्होंने कहा, देश भर के विश्वविद्यालय नौकरी करने के लिए उपलब्ध योग्य अमेरिकियों को नियुक्त करने के बजाय एच-1बी वीजा पर विदेशी श्रमिकों को आयात कर रहे हैं।

# सदी के ताकतवर तूफान ने मचाई भारी तबाही; क्यूबा में 30 की मौत, जमैका में राहत शिविरों में 25000 लोग




**सैंटियागो डी क्यूबा, एजेंसी।** सदी के सबसे ताकतवर तूफानों में से एक मेलिसा ने क्यूबा, हैती और जमैका में भारी तबाही मचाई है। इस तूफान के कारण दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों घरों की छतें उड़ गईं, बिजली के खंभे गिर गए और जगह-जगह पानी से भरा मलबा दिखाई दे रहा है। जमैका के सेंट एलिजाबेथ जिले के सांता क्रूज इलाके में भूस्खलन के कारण मुख्य सड़कें बंद हो गईं। गलियां कीचड़ के गड्ढों में बदल गईं। लोग घरों से पानी निकालने की कोशिश करते दिखे। तूफान की तेज रफ्तार के कारण एक हाई स्कूल की छत भी उड़ गई। इस स्कूल का इस्तेमाल राहत शिविर के रूप में किया जा रहा था। वहीं स्थानीय निवासी जेनिफर स्मॉल ने कहा, मैंने अपने पूरे जीवन में ऐसा कभी नहीं देखा। अभी तक नुकसान का पूरा अनुमान नहीं लगाया जा सका है, क्योंकि कई इलाकों में बिजली और संचार व्यवस्था ठप है। जमैका की शिक्षा मंत्री डाना मॉरिस डिक्सन ने कहा, फिलहाल हम निश्चित रूप से कुछ नहीं कह सकते। मेलिसा ने मंगलवार को जमैका में पांचवीं श्रेणी के तूफान के रूप में दस्तक दी थी, जिसकी हवाओं की रफ्तार 295 किलोमीटर प्रति घंटा थी। यह अटलांटिक महासागर के इतिहास के सबसे ताकतवर तूफानों में से एक रहा है। बाद में यह क्यूबा की ओर बढ़ गया, लेकिन इसके असर से आसपास के देश भी प्रभावित हुए। हैती में 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग लापता हैं। हैती की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि मृतकों में से 20 और लापता लोगों में से 10 दक्षिणी तटीय कस्बे के हैं, जहां बाढ़ के कारण दर्जनों घर ढह गए। जमैका में भी अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। क्यूबा में बुधवार को कई मकान ढह गए, सड़कें बंद हो गईं और इमारतों की छतें उड़ गईं। सबसे ज्यादा नुकसान दक्षिण-पश्चिम और उत्तर-पश्चिम इलाकों में हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 7.35 लाख लोग अब भी राहत शिविरों में हैं। सैंटियागो डी क्यूबा के निवासी रेनाल्डो चरॉन (52 वर्षीय) ने कहा, वो रात नर्क जैसी थी। पूरी रात बहुत खौफनाक थी। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अब यह श्रेणी-2 का तूफान बन चुका है और यह अगले कुछ घंटों में बहामास में तेज हवाओं और बाढ़ का कारण बन सकता है।

**जमैका में राहत शिविरों में 25 हजार से अधिक लोग :** जमैका में 25 हजार से अधिक लोग राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। तूफान ने उनके घरों की छतें उड़ा दीं और उन्हें बेघर कर दिया। बिजली मंत्री डिक्सन ने बताया कि 77 फीसदी इलाकों में बिजली नहीं है। जमैका के आपदा प्रबंधन विभाग के कार्यकारी निदेशक रिचर्ड थॉम्पसन ने बताया कि कुछ जगहों पर संचार पूरी तरह ठप है, जिससे नुकसान का आकलन मुश्किल हो रहा है। प्रधानमंत्री एंड्र्यू होलनेस ने कहा, पुनर्निर्माण में समय लगेगा, लेकिन सरकार पूरी तरह सक्रिय है। राहत सामग्री तैयार की जा रही है और हम सामान्य स्थिति बहाल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। वहीं, दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर ब्लैक रिवर के मेयर रिचर्ड सोलोमन ने कहा, हम जो देख रहे हैं, उसके मुकाबले विनाशकारी शब्द भी छोटा लगता है। उन्होंने बताया कि स्थानीय अस्पताल, पुलिस और राहत सेवाएं बाढ़ में डूब गईं और काम नहीं कर पा रही हैं। जमैका के परिवहन मंत्री डैरिल वाज ने कहा कि दो हवाई अड्डे राहत राहत उड़ानों के लिए खोले जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियां और कई गैर-सरकारी संगठन राहत सामग्री वितरण के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, तबाही बहुत बड़ी है। हमें एकजुट होकर काम करना होगा ताकि जरूरतमंद लोगों की मदद की जा सके। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि अमेरिका कैरेबियाई देशों में राहत और बचाव के लिए टीमें भेज रहा है।

**हैती में 10 बच्चों समेत 20 की मौत, कई घर पूरी तरह नष्ट :** हैती के पेटिट-गोआव कस्बे में तूफान मेलिसा ने 160 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचाया और 80 घर पूरी तरह नष्ट हो गए। यहां मारे गए 20 लोगों में से 10 बच्चे थे। स्थानीय निवासी चार्ली सेंट-विल (30 वर्षीय) ने बताया कि तूफान के बाद सड़कें मलबे में बदल गईं और कई जगहों पर शव बिखरे पड़े थे। लोग अपने लापता बच्चों की तलाश में चीख रहे थे। उन्होंने कहा, लोगों ने सब कुछ खो दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि राजनीतिक अस्थिरता के कारण अब लोगों को दवाओं, पानी और खाने की भारी चिंता सता रही है। हमें नहीं पता कि कल या परसों क्या होगा। फिलहाल लोग एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं। सेंट-विल ने अपने घर में कुछ बेघर पड़ोसियों को शरण दी है। उन्होंने कहा, मैं जितना कर सकता हूं कर रहा हूं, लेकिन हालात सबके लिए बेहद कठिन हैं। सैंटियागो डी क्यूबा में बुधवार को लोग अपने गिरे हुए घरों के मलबे को हटाने में जुटे थे। स्थानीय मछुआरे एलेक्सिस रामोस (54 वर्षीय) ने कहा, जान बच गई, यही सबसे जरूरी है। लेकिन इसे फिर से बनाना बहुत महंगा पड़ेगा।

## पुतिन ने कर दी यूक्रेन के दो शहरों की घेराबंदी, सरेंडर कराने पर तुले रूस के सैनिक



**मास्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को दावा किया कि रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के दो प्रमुख पूर्वी शहरों में यूक्रेनी सेना को घेर लिया है और उनसे आत्मसमर्पण करने को कहा है, वहीं यूक्रेन के सैन्य अधिकारियों ने पुतिन के इस दावे का खंडन किया है। पुतिन ने मॉस्को के एक सैन्य अस्पताल में घायल सैनिकों के साथ बातचीत में कहा कि रूसी सैनिक यूक्रेन और पश्चिमी देशों के पत्रकारों के लिए सुरक्षित गलियारे खोलने के लिए तैयार है ताकि वे अपनी आंखों से देख सकें कि क्या हो रहा है।

**पुतिन ने किया इन दो शहरों को घेरने का दावा :** रूसी राष्ट्रपति ने दावा किया कि पूर्वी दोनेत्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के एक प्रमुख गढ़ पोक्रोवस्क और उत्तर-पूर्वी खार्किव क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण रेल जंक्शन कुपियांस्क में यूक्रेनी सैनिकों को घेर लिया गया है। वहीं पुतिन के दावों से ठीक उलट यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने कहा कि कुपियांस्क को घेर लिए जाने के दावे मनगढ़ंत और काल्पनिक हैं। यूक्रेन की पूर्वी सेना के प्रवक्ता ह्रीहोरी शापोवाल ने 'एसोसिएटेड प्रेस' से कहा कि पोक्रोवस्क में हालात कठिन लेकिन नियंत्रण में हैं।

**क्या चाहते हैं पुतिन :** पोक्रोवस्क की रक्षा कर रही यूक्रेनी सेना की 7वीं रैपिड रिएक्शन कोर ने कहा है कि रूस ने शहर को घेरने के लिए लगभग 11,000 सैनिकों को तैनात किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उसने स्वीकार किया कि कुछ रूसी सैन्य इकाइयां पोक्रोवस्क में घुसपैठ करने में कामयाब रही हैं। पुतिन ने बुधवार को संकेत दिया कि रूस दोनों शहरों में मौजूद यूक्रेनी सैनिकों के आत्मसमर्पण के बदले कोई समझौता करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इन इलाकों का दौरा करने से पत्रकारों को घेरे गए यूक्रेनी सैनिकों की स्थिति का पता चल सकेगा और यूक्रेन का राजनीतिक नेतृत्व अपने नागरिकों के भविष्य के बारे में उचित निर्णय ले सकेगा। वॉशिंगटन के एक थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर ने मंगलवार देर रात कहा कि रूसी सेना पोक्रोवस्क क्षेत्र में आगे बढ़ गई है लेकिन पोक्रोवस्क शहर के भीतर किसी भी मोर्चे पर उनका नियंत्रण नहीं है। कुपियांस्क की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर, यूक्रेन के संयुक्त बल कार्यबल के प्रवक्ता विक्टर त्रेहुबोव ने कहा कि पुतिन का दावा जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाता।

## प्रशांत महासागर में अमेरिका ने फिर बनाया नौका को निशाना, मादक पदार्थ की तस्करी का लगाया आरोप; चार की मौत



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेना ने प्रशांत महासागर के पूर्वी हिस्से में एक और नाव पर हमला किया है। हेगसेथ ने आरोप लगाया कि इस नौका पर नशीले पदार्थ ले जाए जा रहे थे। इस हमले में नाव पर सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। हेगसेथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि खुफिया विभाग ने पाया कि यह नाव एक पहचाने हुए मादक पदार्थ तस्करी मार्ग पर चल रही थी और उसमें ड्रग्स मौजूद थे। उन्होंने बताया कि अमेरिका की तरफ से हमला अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में किया गया और किसी अमेरिकी सैनिक को कोई नुकसान नहीं हुआ। हेगसेथ ने घटना का जो वीडियो साझा किया है, उसमें नाव को विस्फोट के साथ आग की लपटों में घिरते देखा जा सकता है। गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन बीते दो महीनों से दक्षिण अमेरिका के तटीय जलक्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चला रहा है और वहां अमेरिकी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है। इन कार्रवाइयों से यह अटकलें तेज हुई हैं कि अमेरिका का असली मकसद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाना है। अमेरिका उन पर लंबे समय से मादक पदार्थों के जरिए आतंकवाद (नार्को-टेररिज्म) फैलाने का आरोप लगाता आया है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन अब तक यह साबित नहीं कर पाया है कि जिन नावों पर हमले किए गए, वे वास्तव में मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल थीं या नहीं। साथ ही अमेरिका ने मारे गए लोगों की पहचान भी उजागर नहीं की है। ये हमले सितंबर की शुरुआत से जारी हैं।

## नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, संसद भंग करने पर राष्ट्रपति और पीएम से मांगा जवाब

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में सत्ता परिवर्तन और संसद भंग करने को लेकर उठे राजनीतिक विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। अदालत ने प्रतिनिधि सभा को भंग करने के खिलाफ मांगी गई अंतरिम रोक को खारिज कर दिया है। हालांकि, कोर्ट ने राष्ट्रपति कार्यालय सहित अन्य प्रतिवादियों से इस फैसले पर लिखित जवाब मांगा है। यह मामला नेपाल की राजनीति में एक बार फिर अस्थिरता का संकेत दे रहा है। नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को वर्तमान अंतरिम सरकार के गठन और प्रतिनिधि सभा के विघटन के खिलाफ दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने याचिकाकर्ताओं की उस मांग को अस्वीकार कर दिया जिसमें संसद भंग करने पर तत्काल रोक लगाने की गुहार लगाई गई थी। कोर्ट ने राष्ट्रपति कार्यालय सहित सरकार से पूछा है कि अंतरिम आदेश क्यों न दिया जाए। अदालत ने सभी पक्षों को एक सप्ताह के भीतर लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**अंतरिम प्रधानमंत्री से जेन-जी और अन्य राजनीतिक पक्षों की मुलाकात :** इसी बीच नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने बुधवार को त्रिपक्षीय बैठक में जेन जी प्रतिनिधियों से बातचीत की। जेन-जी ने पीएम से भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और देश में सुशासन सुनिश्चित करने की मांग की। बैठक में सरकार, राजनीतिक दलों और जेन जी समूह के कई प्रतिनिधि मौजूद रहे। यह चर्चा मुख्य रूप से 5 मार्च को प्रस्तावित आम चुनाव, भ्रष्टाचार, सुशासन और 8-9 सितंबर को हुए जेन जी आंदोलन के दौरान जान-माल के नुकसान के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के मुद्दों पर केंद्रित रही। जेन जी प्रतिनिधियों ने कहा कि समय पर संसदीय चुनाव जरूरी हैं, लेकिन केवल चुनाव कराना ही पर्याप्त नहीं होगा। प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि देश का निर्माण और विकास युवाओं के हाथों में है और संवाद की प्रक्रिया लगातार जारी रहनी चाहिए।

**सरकार गठन की पृष्ठभूमि :** यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब जनरेशन जेड आंदोलन के दबाव में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने नौ सितंबर को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद 12 सितंबर को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया और प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया। प्रधानमंत्री की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने पांच मार्च 2026 को आम चुनाव कराने की घोषणा की थी। इस कदम ने देश में संवैधानिक बहस और राजनीतिक विरोध को हवा दे दी।

**याचिकाओं और कानूनी दलीलों की स्थिति :** सरकार गठन और प्रतिनिधि सभा के विघटन के खिलाफ अब तक एक दर्जन से अधिक रिट याचिकाएं दायर की जा चुकी हैं। इन याचिकाओं में राष्ट्रपति कार्यालय को भी प्रतिवादी बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने दलील दी कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश को प्रधानमंत्री बनाना संविधान के विरुद्ध है। वरिष्ठ अधिवक्ता टिकराम भट्टराई, नेपाल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गोपाल कृष्ण घिमिरे और अधिवक्ता खम्मा बहादुर खाती ने अदालत से कहा कि यह सरकार असंवैधानिक है और इसे कोई दीर्घकालिक निर्णय लेने का अधिकार नहीं होना चाहिए।

## ट्रंप को सीनेट से झटका, चार रिपब्लिकन सांसदों ने की बगावत; कनाडा पर टैरिफ हटाने से जुड़ा विधेयक पारित

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को सीनेट ने बुधवार को सीनेट से एक और झटका लगा है। दरअसल, संसद (कांग्रेस) के ऊपरी सदन के सदस्यों ने ट्रंप प्रशासन के उस फैसले के खिलाफ 50-46 के अंतर से मतदान किया, जिसके तहत उन्होंने कनाडा पर भारी आयात शुल्क (टैरिफ) लगाए थे। ट्रंप ने हाल में कनाडा पर दस फीसदी अतिरिक्त टैरिफ इसलिए लगा बढ़ा दिए थे, क्योंकि वहां के एक टेलीविजन विज्ञापन में उनकी व्यापार नीतियों की आलोचना की गई थी। द हिल की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। चार रिपब्लिकन सीनेटर ने किया प्रस्ताव का समर्थन रिपब्लिकन पार्टी के चार सीनेटर सुसान कॉलिन्स (मेन), मिशेल मैककोनेल (केंटकी), लिसा मुर्कोव्स्की (अलास्का) और रैंड पॉल (केंटकी) ने डेमोक्रेटिक सीनेटर के साथ मिलकर प्रस्ताव का समर्थन किया, जिससे ट्रंप के टैरिफ लगाने के अधिकार को खत्म किया जा सके। सीनेट ने इससे पहले भी दो अप्रैल को यही प्रस्ताव पारित किया था। लेकिन तब रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाले सदन ने इसे आगे नहीं बढ़ाया था। इस प्रस्ताव को डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर टिम केन (वर्जीनिया) ने दोबारा पेश किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप का कनाडा पर टैरिफ लगाना अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति कानून के तहत उचित नहीं है। कनाडा के साथ साझेदारी तोड़ना टैरिफ का नकारात्मक पहलू: टिम केन सीनेट में चर्चा के दौरान केन ने कहा, मैं कनाडा पर लगाए गए इन टैरिफ का विरोध करता हूं, क्योंकि यहां ऐसी कोई आपात स्थिति नहीं है, जिसके लिए इस कानून का इस्तेमाल किया जाए। कनाडा के साथ लंबे समय से चली आ रही मजबूत साझेदारी को तोड़ना इन टैरिफ का एक बड़ा नकारात्मक पहलू है। मेन की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएंगे टैरिफः सुसान कॉलिन्स मेन राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली सीनेटर सुसान कॉलिन्स ने कई बार चेतावनी दी थी कि ये टैरिफ उनके राज्य की अर्थव्यवस्था को नुकसाने पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा था, मेन की अर्थव्यवस्था कनाडा से गहराई से जुड़ी हुई है, जो हमारा सबसे बड़ा अहम व्यापारिक साझेदार है। उन्होंने यह भी कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों, पेपर मिलों, वन उद्योगों और मत्स्य पालन पर लगाए गए टैरिफ मेन के कई परिवारों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएंगे। ट्रंप और कनाडा के बीच विवाद इस हफ्ते तब और बढ़ गया, जब ओंटारियो में वर्ल्ड सीरीज के दौरान एक टीवी विज्ञापन दिखाया गया, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन का भाषण था, जिसमें उन्होंने टैरिफ का विरोध किया था। ट्रंप ने उस विज्ञापन को तथ्यों के साथ गंभीर छेड़छाड़ और शत्रुतापूर्ण कदम बताया और जवाब में कनाडा से आयात पर 10 फीसदी अतिरिक्त शुल्क बढ़ा दिया।

## 33 साल बाद परमाणु हथियारों के परीक्षण को तैयार अमेरिका, ट्रंप बोले- रूस-चीन कर लेंगे बराबरी, इसलिए जरूरी



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने देश के डिपार्टमेंट ऑफ वॉर (पहले इसे डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस के नाम से जाना था) को परमाणु हथियारों के परीक्षण शुरू करने का आदेश दिया है। ट्रंप का यह फैसला रूस और अन्य देशों की तरफ से हाल में किए गए परमाणु परीक्षणों के बाद आया है।

**पहले कार्यकाल में पूरी तरह अपडेट किए थे हथियार :** ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनके पहले राष्ट्रपति कार्यकाल में अमेरिका के सभी परमाणु हथियारों का पूरा अपडेट और नवीनीकरण किया गया था। उन्होंने लिखा, संयुक्त राज्य अमेरिका के पास किसी भी देश से अधिक परमाणु हथियार हैं। यह उपलब्धि मेरे पहले कार्यकाल में हासिल की गई थी। हालांकि ट्रंप ने कहा कि उन्हें इन हथियारों की भारी विनाशकारी शक्ति के कारण परीक्षण करने से घृणा है, लेकिन उन्होंने दावा किया कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा।

**रूस दूसरे और चीन तीसरे स्थान पर :** डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा कि रूस परमाणु शक्ति के मामले में दूसरा सबसे बड़ा देश है, जबकि चीन अभी काफी पीछे है। उन्होंने लिखा, रूस दूसरा है, और चीन दूर तीसरे स्थान पर है, लेकिन अगले पांच वर्षों में वह बराबरी पर आ जाएगा। ट्रंप के अनुसार, जब अन्य देश अपने परमाणु कार्यक्रमों का परीक्षण कर रहे हैं, तो अमेरिका को भी बराबरी के आधार पर अपने हथियारों का परीक्षण शुरू करना चाहिए। इसी कारण उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ वॉर को तुरंत प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

**30 साल बाद बड़ा बदलाव संभव :** राष्ट्रपति ट्रंप का यह बयान वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ा सकता है, क्योंकि अमेरिका ने 1992 के बाद से कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है। अमेरिका कॉम्प्रिहेंसिव न्यूक्लियर-टेस्ट-बैन ट्रीटी का हिस्सा है, जो सभी परमाणु विस्फोटक परीक्षणों पर रोक लगाता है, हालांकि इस संधि को अमेरिका ने औपचारिक रूप से कभी मंजूर नहीं किया। वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2023 में एक कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत रूस ने सीटीबीटी संधि से अपनी मंजूरी वापस ले ली थी, ताकि वह अमेरिका के समान स्थिति में रह सके।

## ट्रम्प बोले- अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड डील हुई, चीन पर 10% टैरिफ कम किया



**सियोल, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि चीन के साथ ट्रेड डील पूरी हो गई है। इस पर अब दस्तखत होना बाकी है। ट्रम्प ने यह जानकारी साउथ कोरिया से अमेरिका जाते वक्त प्लेन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने यह भी बताया कि चीन पर 10% टैरिफ कम कर दिया गया है। बदले में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदने पर तैयार हुए हैं। ट्रम्प ने कहा- मैंने चीन पर फेंटेनाइल के कारण 20% का टैरिफ लगाया था, जो काफी ज्यादा था। लेकिन मैंने इसे अब 10% कम कर दिया है। यह तुरंत लागू होगा। दोनों के बीच गुरुवार को साउथ कोरिया के बुसान में 100 मिनट तक बैठक चली। बिजी शेड्यूल होने की वजह से यह मुलाकात बुसान एयरपोर्ट पर हुई। 6 साल बाद मिले ट्रम्प और जिनपिंग ट्रम्प और जिनपिंग 6 साल बाद मिले। इससे पहले आखिरी बार 2019 में दोनों के बीच बैठक हुई थी। गुरुवार को हुई बैठक से पहले ट्रम्प ने कहा कि आज ही चीन के साथ ट्रेड डील साइन हो सकती है। मुलाकात के दौरान ट्रम्प-जिनपिंग ने हाथ मिलाकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा कि उनकी मुलाकात बहुत कामयाब होगी, इसमें उन्हें कोई शक नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, शी (चीनी राष्ट्रपति) बहुत सख्त वार्ताकार हैं, ये अच्छी बात नहीं है। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं। चीन के इंटरनेट पर ट्रम्प-शी की मुलाकात बनी टॉप ट्रेंड ट्रम्प और जिनपिंग की मुलाकात को चीन में लाखों लोग ऑनलाइन देख रहे थे। यह मुलाकात चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'वीबो' पर सबसे ज्यादा ट्रेंड करने लगी और इसे करीब 25 करोड़ बार देखा गया। बीते कुछ महीनों में अमेरिका और चीन ने एक-दूसरे के खिलाफ लगातार बढ़ते टैरिफ लगाए थे, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था और दोनों देशों के कारोबार प्रभावित हुए। इसलिए दुनियाभर की नजर इस बात पर थी कि क्या दोनों नेता रिश्तों में स्थिरता लाने की दिशा में कोई बड़ा कदम उठाएंगे। हालांकि बैठक के बाद दोनों नेताओं ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया और न ही किसी पक्ष ने बैठक का औपचारिक लेटर जारी किया। लेकिन ट्रम्प ने एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से कहा कि एक ट्रेड डील हो गई है, जिसकी साइनिंग जल्द हो सकती है।

**ट्रम्प ने परमाणु परीक्षण के आदेश को सही ठहराया :** ट्रम्प ने 3 दशक बाद अमेरिका के फिर से परमाणु हथियार का परीक्षण के आदेश को सही ठहराया। उन्होंने कहा, रूस और चीन दोनों ऐसा कर रहे हैं। हमारे पास सबसे ज्यादा परमाणु हथियार हैं, लेकिन हम नहीं करतेज लेकिन बाकी देश टेस्टिंग कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हमें भी ऐसा करना चाहिए। उन्होंने यह नहीं बताया कि अमेरिका अपने परमाणु परीक्षण कब और कहां करेगा, बस इतना कहा, हमारे पास टेस्टिंग साइट्स हैं, इसकी घोषणा जल्द की जाएगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि इससे दुनिया एक और अधिक खतरनाक परमाणु माहौल में जा सकती है, तो ट्रम्प ने जवाब दिया, मुझे लगता है हमने इसे काफी हद तक नियंत्रण में रखा है। ट्रम्प ने आगे कहा, मैं परमाणु निरस्त्रीकरण देखना चाहूंगा। हम इस बारे में रूस से बात कर रहे हैं, और अगर कुछ होता है तो चीन को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

**ट्रम्प ने जिनपिंग से यूक्रेन जंग पर बात की :** ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने जिनपिंग से रूस-यूक्रेन युद्ध पर काफी गंभीरता से चर्चा की। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि वे मिलकर कोशिश करेंगे ताकि यह युद्ध खत्म हो सके। ट्रम्प ने कहा- हम दोनों मानते हैं कि दोनों पक्ष एक-दूसरे से भिड़े हुए हैं और कभी-कभी आपको उन्हें लड़ने देना पड़ता है। लेकिन जिनपिंग इसमें हमारी मदद करेंगे और हम यूक्रेन के मसले पर साथ काम करेंगे। अब इससे ज्यादा हम कुछ नहीं कर सकते। ट्रम्प ने बताया कि वे अप्रैल 2026 में चीन का दौरा करेंगे। इसके बाद शी जिनपिग भी अमेरिका आएंगे। ट्रम्प ने एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से कहा, मैं अप्रैल में चीन जाऊंगा और इसके बाद शी जिनपिंग यहां आएंगे। यह मुलाकात फ्लोरिडा, पाम बीच या वॉशिंगटन डीसी कहीं भी हो सकती है। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका और चीन के बीच रेयर अर्थ मटेरियल से जुड़ा विवाद अब सुलझ गया है, हालांकि उन्होंने इस समझौते के बारे में विस्तार से कोई जानकारी नहीं दी।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टी20 में भारतीय टीम को चार विकेट से हराया

**मेलबर्न (एजेंसी)।** मिशेल मार्श की 46 रन की पारी की सहायता से ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय क्रिकेट टीम को दूसरे टी20 में चार विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम 125 रनों पर ही आउट हो गयी इसके बाद जीत के लिए मिले 126 रनों के लक्ष्य को मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 13.2 ओवर में ही 6 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

126 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। इस जोड़ी को वरुण चक्रवर्ती ने हेड को आउट कर तोड़ा। हेड ने 15 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन की पारी खेली। वहीं, मार्श अर्धशतक 26 गेंद में दो चौके और चार छक्कों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। जोश इंग्लिस ने 20 रन बनाए। वहीं, टिम डेविड एक रन बना सके। स्टोइनिस ने नाबाद छह रन की पारी खेल ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह , कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती तीनों ने ही दो-दो विकेट लिएस।

वहीं इससे पहले भारतीय टीम की बल्लेबाजी विफल रही और केवल अभिषेक शर्मा 68 रन और हर्षित राणा 35 ही कंगारु गेंदबाजों का सामना कर पाये बाकि खिलाड़ी दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। अभिषेक ने 37 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्के लगाये जबकि राणा ने 33 गेंदों पर 3 चौके और एक छक्का लगाया। भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और शुभमन गिल 5 रन बनाकर ही आउट हो गये। इसके बाद अभिषेक ने 23 गेंदों पर अर्धशतक लगाकर पारी को संभाला और सबसे अधिक 68 रन बनाये। अभिषेक के अलावा हर्षित राणा ने 35 रन बनाये। वहीं बाकि बल्लेबाज असफल रहे। 23 रनों पर भारत को संजू सैमसन 2 रन के रूप में दूसरा, और 32 के स्कोर पर कप्तान सूर्यकुमार यादव 1 रन और तिलक वर्मा 0 के रूप में तीसरा और चौथा झटका लगा। अक्षर पटेल 7 रन आउट होने वाले पांच खिलाड़ी रहे।

105 के स्कोर पर हर्षित राणा के रूप में छठा और 109 के स्कोर पर शिवम दुबे 4 रन के रूप में सातवां विकेट गिरा ! कुलदीप के रूप में आठवां झटका लगा है, वह खाता भी नहीं खोल पाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से 3 विकेट जोश हेजलवुड ने लिए और 2-2 विकेट जैवियर बार्टलेट और नैथन एलिस ने लिए।



# हार से निराश ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हीली लेंगी संन्यास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिस हीली ने भारतीय टीम के खिलाफ महिला विश्वकप सेमीफाइनल में मिली हार पर निराशा जताते हुए संन्यास के संकेत दिये हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम को सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने पांच विकेट से हराय था। हीली ने कहा कि यह उनका इस प्रारुप का अंतिम मैच हो सकता है।

भारतीय टीम ने इस मैच में 339 रनों का कठिन लक्ष्य हासिल किया था। हीली ने मैच के बाद कहा, इस पूरे टूर्नामेंट में सभी ने अच्छी तरह योगदान दिया। यही वजह है कि हारने वाली कप्तान बनकर खड़े रहना निराशाजनक लग रहा है। हमने कई अवसर बनाएं। हमने दबाव बनाया। मगर हम मैच अपने नाम नहीं कर पाये।

भारतीय टीम की जीत में जेमिमा रोड्रिग्ज 127 और हरमनप्रीत कौर 89 रनों की अहम भूमिका रही। हीली ने जेमिमा का कैच तब गिरा दिया था जब वह 82 रन पर थीं। यह कैच ऑस्ट्रेलिया की हार का कारण बना।

इस खिलाड़ी ने कहा कि उगला विश्वकप खेलने की उनकी कोई योजना नहीं है। साथ ही कहा कि अब उनका लक्ष्य अगले साल होने वाला टी20 विश्वकप है।

हीली ने अब तक 123 एकदिवसीय मैच में सात शतक और 18 अर्धशतकों की सहायता से 3563 रन बनाए। उनकी औसत 35.98 और स्ट्राइक रेट 100 के करीब रहा।

# महिला विश्वकप क्रिकेट : भारतीय टीम रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी

**–विश्व क्रिकेट को मिलेगी नई चैम्पियन टीम**



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली बड़ी जीत के साथ ही विश्वकप फाइनल में जगह बनायी है। अब खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम रविवार दो नवंबर को दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला करेगी। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 339 रनों का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्वकप में हासिल कर एक नया रिकार्ड भी बनाया है। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने साल 2005 और 2017 के बाद तीसरी बार फाइनल में जगह बनायी है।

सेमीफाइनल में जेमिमा रोड्रिग्स की नाबाद 127 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर की 89 रन की पारी के बल पर भारतीय टीम फाइनल में पहुंची है। यहां भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले में जो भी टीम जीतेगी रिकार्ड बनेगा ही। भारतीय टीम दो बार उप विजेता रही है जबकि दक्षिण अफ्रीका पहली बार फाइनल में पहुंची है।

महिला विश्व कप फाइनल 2 नवंबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने इसी मैदान पर सेमीफाइनल जीता है जिससे उसकी यहां जीत की संभावनाएं कई गुना बढ़ गयी हैं। टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है और वह पूरे उत्साह से उतरेगी। वहीं दक्षिण अफ्रीका की टीम ने लीग स्तर पर भारतीय टीम को हराया था जिससे वह प्रेरित रहेगी।

इस प्रकार महिला एकदिवसीय विश्व कप में 25 साल बाद विश्क क्रिकेट को नया विश्व चैंपियन मिलेगा। इससे पहले वर्ल्ड कप 2000 में ऐसा हुआ था, जब न्यूजीलैंड ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीता था। इसके अलावा हमेश ही ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमों ने खिताब जीते थे। इस बार विश्व कप फाइनल के साथ ही विश्व क्रिकेट को चौथी चैंपियन टीम मिलेगी।

भारतीय टीम के ग्रुप स्तर तक का सफर मिलाजुला रहा है उसने 7 मैच खेले जिसमें से उसे 3 में हार मिली जबकि एक मुकाबले में उसे अंक बांटने पड़े। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने भी शुरुआती हार से उबरकर फाइनल में जगह बनायी है। उसने ग्रुप स्टेज पर 7 में से 5 मैच जीते जबकि दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

# खत्म हो सकता है इंतजार, एक-दो दिन में भारत पहुंच सकती है एशिया कप ट्रॉफी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) को उम्मीद है कि एशिया कप विजेता ट्रॉफी 'एक या दो दिन में' मुंबई स्थित उसके मुख्यालय पहुंच जाएगी लेकिन अगर हालात में कोई प्रगति नहीं होती है तो भारतीय बोर्ड चार नवंबर को इस मामले को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के समक्ष उठाएगा।

भारत ने दुबई में हुए फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एशिया कप जीता लेकिन पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। वह एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अध्यक्ष भी हैं। यह तब हुआ जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दोनों देशों के बीच विवाद के कारण अपने पाकिस्तानी समकक्ष से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया।

नकवी पहले ही बता चुके हैं कि ट्रॉफी भारत को सौंपी जा सकती है लेकिन इसे वह स्वयं प्रदान करेंगे। एशिया कप जीत के एक महीने से ज्यादा समय बाद भी BCCI अब भी आधिकारिक तौर पर ट्रॉफी सौंपे जाने का इंतजार कर रहा है। BCCI के संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया ने विशेष



बातचीत में कहा, 'जिस तरह से एक महीने बाद भी हमें ट्रॉफी नहीं दी गई है, उससे हम थोड़े नाखुश हैं। हम इस मामले को आगे बढ़ा रहे हैं। लगभग 10 दिन पहले भी हमने ACC के अध्यक्ष को एक पत्र लिखा था लेकिन उनके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है।'

उन्होंने कहा, 'अब भी ट्रॉफी उनके पास है, लेकिन हमें उम्मीद है कि एक-दो दिन में यह ट्रॉफी मुंबई स्थित BCCI कार्यालय में हमारे पास पहुंच जाएगी।' सैकिया ने कहा कि अगर ट्रॉफी जल्द ही नहीं सौंपी गई तो बीसीसीआई चार नवंबर से दुबई में होने वाली ICC की तिमाही बैठक में इस मुद्दे को उठाएगा। BCCI ने आधिकारिक तौर पर ट्रॉफी वापस करने का अनुरोध किया है लेकिन नकवी कथित तौर पर अपने रुख पर अड़े हुए हैं और सुझाव दे रहे हैं कि भारतीय खिलाड़ी भविष्य में किसी कार्यक्रम में इसे व्यक्तिगत रूप से ले लें क्योंकि अभी तक कोई औपचारिक समाधान नहीं हुआ है।

सैकिया ने कहा, 'BCCI की ओर से हम इस मामले से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और मैं भारत के लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि ट्रॉफी भारत वापस आएगी, बस समय सीमा तय नहीं है। पर एक दिन यह आएगी।' टेस्ट क्रिकेट में पहली बार भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अगले महीने गुवाहाटी में होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में पारंपरिक सत्रों के क्रम में बदलाव देखने को मिल सकता है जिसमें लंच से पहले चाय परोसी जा सकती है। सैकिया ने पुष्टि की कि गुवाहाटी में सूर्योदय और सूर्यास्त जल्दी होने के कारण खेल के समय में संभावित बदलाव के बारे में चर्चा चल रही है।

# श्रेयस बोले, हर दिन बेहतर हो रहा, समर्थन के लिए प्रशंसकों का आभार जताया



सिडनी ।भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वह अब पहले से ठीक हैं और अच्छा महसूस कर रहे हैं ।श्रेयस को उम्मीद है कि वह शीघ्र ही इस चोट से उबर जाएंगे ।वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय के दौरान एलेक्स कैरी का एक कैच पकड़ते समय पसली में चोट लगाने के बाद हुए रक्तस्राव के कारण गंभीर रुप से घायल हो गये थे और आईसीयू में भर्ती थे ।उन्होंने इसी चोट को लेकर कहा, '' मैं उबर रहा हूं अैर प्रतिदिन पहले से बेहतर हो रहा हूं।

श्रेयस ने कहा '' लोगों की शुभकामनाओं और मिले समर्थन से मैं उत्साहित हूं।मुझे याद रखने के लिये धन्यवाद। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा, ''उसकी हालत अब स्थिर है और वह अब भी निगरानी में है।दोबारा हुई स्कैन जांच में काफी सुधार दिखा और श्रेयस ठीक हो रहा है।बीसीसीआई ने साथ ही कहा कि मेडिकल टी उनकी सेहत पर नजर रखे हुए है।श्रेयस मैच के दौरान फिजियो की सहायता से मैदान से बाहर चले गए थे पर ड्रेसिंग रुम में वह बेहोश हो गये थे, जिसके कारण उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।बाद में किए गए परीक्षणों से पता चला कि तिल्ली में चोट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था, जिसके बाद उन्हें गहन निगरानी के लिए आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

# 2027 विश्वकप खेलना चाहते हैं शार्दुल



मुम्बई ।पिछले काफी समय से टीम से बाहर चल रहे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर भी साल 2027 विश्वकप खेलना चाहते हैं।शार्दुल के अनुसार वह तेज गेंदबाजी के साथ-साथ नंबर-8 पर बल्लेबाजी भी कर सकते हैं। इसलिए उन्हें टीम में जगह मिलनी चाहिये। इस ऑलराउंडर ने अक्टूबर 2023 के बाद से ही सीमित ओवरों का कोई मैच नहीं खेला है।जिससे उनकी दावेदारी कमजोर मानी जा रही है। रणजी ट्रॉफी खेल रहे शार्दुल ने कहा, मेरे लिए टीम में वापसी के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहना बहुत जरूरी है।टी20 विश्वकप दक्षिण अफ्रीका में होने वाला है, इसलिए वहां नंबर आठ पर गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर मैं जगब हासिल करना चाहता हूं।. शार्दुल की राह हालांकि आसान नहीं है क्योंकि अभी टीम के पास पहले से ही दो ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी और हर्षित राणा हैं।हर्षित को नंबर-8 पर बल्लेबाजी के लिए उतारा गया था जिससे साफ है कि कि उन्हें इस क्रम पर आजमाया जा रहा है।वहीं नितीश भी एक अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं।वहीं शार्दुल ने कहा कि वह हमेशा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी उन्हें अवसर मिलेगा वह खेलने के लिए तैयार हैं। साथ ही कहा कि मेरे हाथ में केवल प्रदर्शन करना है। बाकि काम चयनकर्ताओं का है। शार्दुल अंतिम बार एकदिवसीय मैच साल 2023 विश्व कप में खेला था। उसके बाद से ही उन्हें अवसर नहीं मिले है।

# भारतीय हॉकी टीम को लगा बड़ा झटका, पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और गोलकीपर मनुएल फ्रेडरिक का हुआ निधन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी जगत से एक दुखद ख़बर सामने आई है। भारत को 1972 म्यूनिख ओलंपिक में Bronze Medal दिलाने वाले महान खिलाड़ी और गोलकीपर मनुएल फ्रेडरिक का शुक्रवार को 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले 10 महीनों से प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे। उनके निधन से पूरे भारतीय हॉकी समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है।

**केरल के पहले ओलंपिक पदक विजेता थे खिलाड़ी**

मनुएल फ्रेडरिक का जन्म 20 अक्टूबर 1947 को केरल के कन्नूर जिले के बारनासीरी में हुआ था। वह केरल राज्य से भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। उनके बाद गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने टोक्यो 2020 और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इस विरासत को आगे बढ़ाया।

फ्रेडरिक को भारतीय खेल में उनके शानदार योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्हें 2019 में युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा प्रतिष्ठित 'ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया था।

**हॉकी इंडिया ने व्यक्त किया गहरा शोक**

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने फ्रेडरिक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मनुएल फ्रेडरिक भारत के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर्स में से एक थे। भारतीय हॉकी के सुनहरे दौर में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनके प्रदर्शन ने कई युवाओं को देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित किया। हॉकी इंडिया उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है। हमने एक महान खिलाड़ी खो दिया है, लेकिन उनकी विरासत हमेशा जीवित रहेगी।'

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भी श्रद्धांजलि दी और कहा कि फ्रेडरिक का समर्पण खासकर केरल जैसे गैर-पारंपरिक हॉकी राज्य से होने के बावजूद अनगिनत



युवाओं के लिए प्रेरणादायक था।

# कोपा डेल रे फुटबॉल : एस्पेनयोल सहित चार क्लब जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंचे

मैड्रिड ।एस्पेनयोल और लेवांटे फुटबॉल सहित चार क्लबों ने कोपा डेल रे फुटबॉल के पहले दौर के मैचों में जीत दर्ज की है।एस्पेनयोल ने एटलेटिक लिडा को 2-1 से हराया जबकि दूसरी तरफ लेवांटे ने ओरिहुएला के खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की।सेल्टा विगो ने प्यूर्टो डी वेगा को 2-0 से व रियल बेटिस ने पाल्मा डेल रियो को 7-1 से हराया।एस्पेनयोल की ओर से दोनो ही गोल किके गार्सिया ने किये।किके ने दूसरे मिनट में पेनाल्टी के साथ ही पहला गोल दाग दिया पर एटलेटिक लिडा ने एल्डो वन की बदौलत तीन मिनट बाद ही एक गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया।इसके बाद किके ने हाफटाइम से ठीक पहले एस्पेनयोल को फिर से बढ़त दिला दी।वहीं लेवांटे का ओरिहुएला के खिलाफ मुकाबला कांटे का रहा।इस मैच में उनाई एल्गेजाबल और जोस लुइस मोरालेस के गोल से शुरुआत में ही लेवांटे ने 2-0 की बढ़त हासिल कर ली।वहीं जेवियर सोल्सोना की पेनाल्टी से किये गोल से ओरिहुएला ने वापसी कर ली। वहीं कार्लोस एस्पी ने 48वें मिनट में गोल कर लेवांटे को फिर से 2 गोल की बढ़त दिलाई पर गोंजालो मिरांडे ने तीन मिनट बाद ही गोल कर लेवांटे की बढ़त कम कर दी। हेक्टर अयोडेले ने आखिरी मिनट में गोल दागते हुए स्कोर 3-3 पर कर दिया पर एस्पी ने 92वें मिनट में गोल कर लेवांटे को जीत दिल दी।एक अन्य मैच में एक हराकर दौर में आसानी से प्रवेश कर लिया है।रियल बेटिस को भी पाल्मा डेल रियो के खिलाफ 7-1 से जीत हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई।कोपा का दूसरा दौर 2 से 4 दिसंबर के बीच खेला जाएगा।

# भारतीय टीम की जीत में हरमनप्रीत सहित इन चार खिलाड़ियों की भी रही अहम भूमिका

**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्वकप सेमीफाइनल में भारतीय टीम की जीत में जेमिमा रोड्रिग्ज की शतकीय पारी के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित चार और खिलाड़ियों की भी अहम भूमिका रही है। इस मैच में भारतीय टीम ने 339 रनों के विशाल लक्ष्य को हासिल कर एक नया रिकार्ड बनाया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया के लगातार 15 मैचों की जीत के सिलसिल को भी रोक दिया। अब दो नवंबर को फाइनल में भारतीय टीम का सामना दक्षिण अफ्री से होगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड



को हराकर फाइनल में जगह बनायी है।

**हरमनप्रीत कौर:** कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक बार फिर 2017 की ऐतिहासिक पारी के बाद उन्होंने सेमीफाइनल में भी 89 रनों की पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। हरमनप्रीत ने मुश्किल हालात में पारी संभाला और हर ओवर के साथ मैच का रुख भारत की ओर मोड़ा।

**दीप्ति शर्मा:** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने एक बार फिर साबित किया कि वह कितनी उपयोगी हैं। पहले उन्होंने बीच के ओवरों में स्पिन से ऑस्ट्रेलिया पर अंकुश लगाया फिर बल्लेबाजी में निचले क्रम में रन जोड़े। जब भी टीम को विकेट चाहिए था, दीप्ति ने सफलता दिलाई। वहीं अंत में जब रनों और गेंद के बीच का अंतर बढ़ रहा था तब दीप्ति ने 17 गेंदों पर 24 रनों की पारी खेली।.

**रीचा घोष:** विकेटकीपर बल्लेबाज रीचा घोष भारतीय महिला क्रिकेट टीम की एक भरोसेमंद फिनिशर हैं। सेमीफाइनल में जब रन रेट बढ़ा हुआ था तब रीचा ने निडर होकर 16 गेंदों में तेजी से 26 रन बनाये।

**स्मृति मंधाना:** भरोसेमंद अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 24 गेंदों पर 24 रनों की छोटी लेकिन अहम पारी खेली. शेफाली वर्मा के शुरुआत में आउट होने के बाद स्मृति ने पारी को संभाल।

# सिंधु अब अगले सत्र में ही नजर आयेंगी



नई दिल्ली । महिला बैडमिंटन स्टार पी.वी. सिंधु अब इस सत्र में नजर नहीं आयेंगी। सिंधु अब साल 2026 सत्र से ही वापसी करेंगी।सिंधु ने फिट नहीं होने के कारण बीडब्ल्यूएफ टूर के शेष सभी मुकाबलों से अपना नाम वापस ले लिया है।सिंधु ने कहा कि उन्होंने यह फैसला सहयोगी स्टाफ और खेल चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारडीवाला से बात करने के बाद लिया है। सिंधु ने कहा, 'अपनी टीम और डॉ. पारडीवाला की सलाह के बाद उसने साल 2025 सत्र के बाकी टूर्नामेंट से हटना ही सबसे बेहतर समझा है।इसका कारण है कि उनकी पैर की चोट अभी पूरी तरह ठीक नहीं हुई है।इस खिलाड़ी के अनुनार नाम वापस लेना फैसला नहीं था पर इसके अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था। साथ ही कहा कि चोटें हर खिलाड़ी के खेल सफर का हिस्सा होती हैं।ये हमारे धैर्य और जज़्बे की भी परीक्षा लेती हैं।' उन्होंने कहा कि वह अभी डॉक्टारें की टीम के सहायोग से रिकवरी और अभ्यास पर ध्यान दे रही हैं सिंधु ने कहा, 'मेरी टीम का मुझपरा काफी भारोसा है जिससे भी मेरा उत्साह हर दिन और बढ़ता है।मैं उनकी आभारी हूं और पहले से कहीं ज्यादा प्रेरित और बेहतर महसूस कर रही हूं।' सिंधु ने अपने प्रशंसकों और समर्थकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह जनवरी 2026 में कोर्ट पर वापसी करेंगी।उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा, 'आप सबके प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद। यह सफर यहीं समाप्तनहीं होता,जल्द ही एक नई शुरुआत होगी।' गौरतलब है कि पिछले साल पेरिस ओलंपिक में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद से ही सिंधु के लिए इस साल का सत्र अच्छा नहीं रहा है रहा। वह चाइना मास्टर्स सुपर 750, इंडिया ओपन सुपर 750 और विश्व चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल के बाहर हो गयीं थीं।

# हरमनप्रीत के आउट होने के बाद कैसी थी मानसिकता, जेमिमा ने सेमीफाइनल जीतकर खोला राज

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** अपने नाबाद शतक से भारत को वनडे विश्व कप फाइनल में ले जाने के बाद भावनाओं पर काबू पाने की कोशिश करते हुए जेमिमा रौड्रिग्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर के आउट होने के बाद उन्हें फिर से फोकस करने में मदद मिली। दबाव में बेहतरीन पारी खेलते हुए जेमिमा ने 134 गेंद में नाबाद 127 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने रिकॉर्ड 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया को हराया। अब फाइनल में सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

जेमिमा ने कहा, 'मैं हैरी दी से कह रही थी कि हम दोनों को जीत तक ले जाना है। जब वह आउट हुई तो मुझे फिर से फोकस करने में मदद मिली क्योंकि थकान के कारण मेरी एकाग्रता टूट रही थी। हरमन के आउट होने के बाद मुझे लगा कि अतिरिक्त



जिम्मेदारी से खेलना होगा। मैने खुद से कहा कि वह आउट हो गई है तो उसके लिए मैं ही रन बनाऊंगी, मुझे टिककर खेलना है।' जेमिमा ने कहा, 'इससे मेरा फोकस फिर बना और मैं समझदारी से खेलने लगी।'

प्रेस कांफ्रेंस में बार बार रो पड़ी जेमिमा ने कहा कि भगवान पर अटूट आस्था से उन्हें बेचैनी से उबरने में मदद मिली। उन्होंने कहा, 'मैं प्रार्थना कर रही थी। मैं खुद से बात कर रही थी क्योंकि काफी ऊर्जा खत्म हो चुकी थी। मैं थक गई थी और इसकी वजह से कुछ पेचीदा शॉट खेले। मैं सोच रही थी कि कैसे खेलूं। आक्रामक रहूं या अंत तक टिकी रहूं और मैने सीखा कि अंत तक डटकर खेलना जरूरी था।' उन्होंने कहा, 'मैं खुदा से बात कर रही थी क्योंकि मेरा मानना है कि मेरा उनसे निजी रिश्ता है और जब मैं खुद नहीं कर पाती तो वह मेरे लिए कर देते हैं।'

इस पारी से पहले जेमिमा कठिन दौर से गुजर रही थी और टीम से बाहर भी हुई लेकिन उसके साथी खिलाड़ी उसके साथ डटे रहे। उन्होंने कहा, 'कोई अपनी कमजोरियों के बारे में बात नहीं करना चाहता। टूर्नामेंट की शुरूआत में काफी बैचेनी से गुजर रही थी। अपनी मां को फोन करके पूरा समय रोती रहती थी क्योंकि जब आप इन हालात से गुजर रहे होते हैं तो कुछ सूझ नहीं पड़ता।'

उन्होंने कहा, 'समझ में नहीं आता कि क्या करें। ऐसे समय में मेरे माता पिता ने मेरा खूब साथ दिया। अरूंधति रेड्डी से मैं रोज बात करती थी और उसके सामने रोती थी। स्मृति (मंधाना) ने मेरी काफी मदद की। उसे पता था कि मैं क्या महसूस कर रही हूं। कुछ नेट सत्रों में वह खड़ी रही, कुछ कहा नहीं लेकिन उसे पता था कि उसकी मौजूदगी मेरे लिए अहम है। राधा यादव ने मेरा बहुत ख्याल रखा।' जेमिमा ने मैच के बारे में कहा, 'डी वाई पाटिल स्टेडियम पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मैं यही सोच रही थी कि टिके रहना है तो रन खुद ब खुद मिलेंगे।'



# नायरा बनर्जी ने बताया एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का सच

एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने द फ्री प्रेस जर्नल के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में फ़िल्म इंडस्ट्री को लेकर कई बातें बताई हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे शुरुआत में उन्हें महिला होने के नाते अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इंटरव्यू में नायरा कहती हैं- मेरा पहला फोटोशूट था और मैं छोटी बच्ची की तरह क्यूट पोज देती थी। लेकिन फोटोग्राफर मुझसे कहते कि तुमने क्या रिया सेन को देखा है? उसकी आंखों को देखो, उसके पोज देने के तरीके को देखो। मैं उस समय मात्र 16 साल की थी। और वो मुझे कहते कि रिया की तरह पोज करो।
नायरा बताती है कि उस दौरान उनकी मां वहां मौजूद थीं और उनका रिएक्शन था कि फोटोग्राफर कह क्या रहे हैं? फोटोग्राफर मेरी मां से कहते कि मैडम वो फिल्म इंडस्ट्री में आ रही है इसलिए उसे ये सब करना होगा। अगर वह ऐसे पोज देगी और हॉट दिखेगी तो उसे जल्दी ही फिल्में मिल जाएंगी। इसी इंटरव्यू में जब उनसे इंडस्ट्री में मिलने वाले कंप्रोमाइज ऑफर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया- 'मुझे भी इस तरह के कॉल आते थे। मुझे कमिटमेंट नाम की एक अजीब चीज के लिए कॉल आते थे। जो डायरेक्टर के साथ एक तरह का समझौता होता था। मैं सोचती थी कि कमिटमेंट क्या होता है? मेरी मां के सामने तो कोई मुझे ये नहीं बताता था, लेकिन जब क्रू मेंबर मुझे स्क्रिप्ट देने आते थे, तो वो कुछ इस तरह का इशारा करते थे। एक बार मुझे अचानक से कॉल आया और मैं गुस्सा गई और बोली कि अपनी मां को भेजो, अपनी बहन को भेजो या फिर खुद जाओ। नायरा के करियर की बात करें तो उन्होंने कम उम्र में ही इंडस्ट्री में एंट्री ले ली थी। अब तक वो हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ इंडस्ट्री में काम कर चुकी हैं। इसके अलावा वो टीवी का भी जाना माना नाम हैं। वो दिव्य दृष्टि, पिशाचिनी जैसे शो के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में वो नीरज पांडे की वेब सीरीज खाकी द बंगाल चैप्टर में नजर आई थीं।




# इमरान हाशमी-यामी गौतम की हक से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगी वर्तिका सिंह

बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी फिल्म हक बहुत जल्द रिलीज होने वाली है। इस फिल्म से पूर्व मिस यूनिवर्स इंडिया-सुपरमॉडल वर्तिका सिंह बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही है।सुपर्ण वर्मा इस फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में वर्तिका एक ऐसी महिला की भूमिका निभाएंगी जो भावनात्मक रूप से बहुत मजबूत है। वह 'द फैमिली मैन' और 'राणा नायडू' जैसी वेब सीरीज में अपने संजीदा अभिनय के लिए जानी जाती हैं। फिल्म में अपने रोल के लिए वर्तिका ने काफी ट्रेनिंग ली। उन्होंने कई भाषा के जानकारों से उनके किरदार के लिए बोलने का लहजा सीखा। कई वर्कशॉप भी लीं। वर्तिका सिंह लखनऊ की रहने वाली हैं। इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ में भी हुई है। मेकर्स का कहना है कि इस रोल के लिए वह बिलकुल परफेक्ट थीं। वर्तिका सिंह ने 2019 में मिस यूनिवर्स इंडिया का खिताब अपने नाम किया था। उन्होंने मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के 68वें संस्करण में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले उन्हें 2015 में फेमिना मिस इंडिया ग्रैंड इंटरनेशनल का ताज पहनाया गया। जीक्यू मैगजीन ने उन्हें 2017 में भारत की सबसे खूबसूरत महिलाओं में शुमार किया था।
फिल्म हक की कहानी साल 1985 के प्रसिद्ध शाह बानो बनाम अहमद खान केस से प्रेरित है, जो महिला अधिकारों और सामाजिक न्याय की दिशा में एक मील का पत्थर माना जाता है। फिल्म में यामी गौतम शाह बानो का किरदार निभा रही हैं, जबकि इमरान हाशमी उनके पति मोहम्मद अहमद खान की भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म हक को सुपर्ण एस वर्मा ने डायरेक्ट किया है। इसमें शीबा चड्ढा, दानिश हुसैन और असीम हट्टंगडी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।
इस फिल्म की कहानी मशहूर जर्नलिस्ट जिग्ना वोरा की बुक बानो-भारत की बेटी पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद जिग्ना वोरा ने कहा था कि फिल्म में सभी कलाकारों ने अपने-किरदार के साथ न्याय किया है। ख ासकर इमरान हाशमी और यामी गौतम ने बहुत अच्छी एक्टिंग की है। इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स, इंसोम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

# बिहार की राजनीति पर एक्शन फिल्म लेकर आएंगे सोनू सूद


सोनू सूद का नाम एक बार फिर से सुर्खियों में लौट आया आ है। सोनू अब बिहार की सामाजिक और राजनीतिक स्थिति पर बेस्ड नई फिल्म बनाने जा रहे हैं। उन्होंने खुद इस फिल्म की स्क्रिप्ट पूरी कर ली है और इसके निर्देशन के साथ ही मुख्य भूमिका भी निभाएंगे। सोनू सूद ने कहा... यह फिल्म एक्शन बेस्ड होगी। बिहार मेरे दिल के बहुत करीब है। मैंने यहां पलते-बढ़ते राज्य की राजनीति और सामाजिक पहलुओं को नजदीक से देखा और समझा है। यह कोई डॉक्यूमेंट्री या राजनीतिक ड्रामा नहीं होगी, बल्कि मनोरंजक और रोमांचक फिल्म होगी। हम पिछले 7-8 महीनों से फिल्म की डिटेलिंग पर काम कर रहे हैं। जल्द ही मैं इसका बड़ा ऐलान करूंगा। सोनू की पिछली निर्देशन फिल्म फतेह थी, जो एक ग्रिट्टी एक्शन फिल्म थी। वे फिल्मों को केवल पैसे कमाने का जरिया नहीं मानते। उन्होंने कहा... मेरे लिए दर्शक सिर्फ ऑडियंस नहीं हैं, वे मेरे लिए एक बड़े परिवार की तरह हैं। उनके साथ बहुत गहरा रिश्ता है। मैं उन्हें केवल मुनाफे के नजरिए से नहीं देखता। बता दें कि कोविड-19 महामारी के दौरान सोनू सूद ने हजारों लोगों की मदद की थी। सोनू की पिछली निर्देशन फतेह थी, जो एक एक्शन फिल्म थी



# कुब्रा सैत को याद आए अपने पुराने दिन

एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक भावनात्मक पोस्ट के ज़रिए साल 2009 की अपनी यादों का पिटारा खोलते हुए अपने दर्शकों को बताया कि किस तरह उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कॉर्पोरेट नौकरी छोड़कर अपने सपनों की तलाश में मुंबई का रुख किया था। मुझे याद है मेरा पोर्टफोलियो दुबई में मिस इंडिया वर्ल्डवाइड में 'मिस पर्सनैलिटी' जीतने के कुछ समय बाद ही एक बेहतर इंसान और फ़ोटोग्राफ़र सुनिथ श्याम ने बनाया था और अपनी उस पहली तस्वीर को मैंने फ्रेम करवाया था। यह ज़िंदगी की वो पहली सीढ़ी थी, जिसे मैंने अभी जिया भी नहीं था। हालांकि सालों बाद, जब मैंने फ्रेम बदलना चाहा, तो कांच तस्वीर से चिपक चुकी थी और तस्वीर निकालते समय उसका एक हिस्सा वहीं रह गया, बिलकुल यादों की तरह। कुछ हिस्से धुंधले हो जाते हैं, कुछ साथ रह जाते हैं, लेकिन उस तस्वीर में शुरू हुई हिम्मत आज भी कायम है। कुब्रा सैत की यह पोस्ट अपनी सच्चाई और भावनात्मक गहराई के साथ दर्शकों के दिलों को इस कदर छू गई है कि वे उनके मुरीद बन गए हैं। साथ ही कभी नए सफर की शुरुआत का प्रतीक रही वह पुरानी तस्वीर अब उनकी उपलब्धियों और साहस की गवाह बन चुकी है। सच कहें तो अपनी बोल्ड चॉइसेज़ और असली अंदाज़ के लिए जानी जाने वाली कुब्रा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनमें नरमी भी है, और यही उनकी असली ताकत है। गौरतलब है कि हाल ही में काजोल के साथ द ट्रायल सीज़न 2 में नज़र आई कुब्रा सैत ने अपने पहले रियलिटी शो राइज़ एन्ड फॉल के साथ अपना डेब्यू किया है और वे जल्द ही अपनी अगली फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में नज़र आएंगी।





# धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे भुवन बाम

पॉपुलर इन्फ्लूएंसर और कॉमेडियन भुवन बाम जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। वो धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म कुकू की कुंडली में दिखेंगे। हाल ही में भुवन ने धर्मा प्रोडक्शन के साथ फिल्म का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया और अपने डेब्यू की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है। भुवन बाम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से कॉन्ट्रैक्ट की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, सपने देखो दोस्तों, पूरे हो जाते हैं। इसके आगे कमेंट पिन कर भुवन ने लिखा, आपके सपोर्ट के बिना ये मुमकिन नहीं होता, हमेशा आपकी दुआएं चाहिए। भुवन की पोस्ट में लगातार सेलेब्स और फैंस की बधाइयां आ रही हैं। एक्टर राजकुमार राव ने पोस्ट पर कमेंट कर लिखा है, बहुत बहुत मुबारक मेरे भाई। अंकल आंटी की दुआओं और तुम्हारी कड़ी मेहनत का फल है।

## वामिका गब्बी के साथ नजर आएंगे

भुवन बाम ने धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म कुकू की कुंडली साइन की है। फिल्म में उनके साथ वामिका गब्बी नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा कर रहे हैं, जो इससे पहले जान्हवी कपूर स्टारर फिल्में मिस्टर एंड मिसेज माही और गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल डायरेक्ट कर चुके हैं। बॉलीवुड डेब्यू से पहले भुवन बाम ने जियो हॉटस्टार की सीरीज ताजा खबर से ओटीटी और एक्टिंग डेब्यू किया था। फिल्म कुकू की कुंडली के अलावा भुवन बाम के बाद अमेजन प्राइम वीडियो की अपकमिंग सीरीज द रिवोल्यूशनरी भी है, जो साल 2026 में रिलीज होने वाली है।



इसमें भुवन के साथ रोहित सराफ, लापता लेडीज फेम एक्ट्रेस प्रतिभा रांटा, जेसन शाह और गुरफतेह पीरजादा भी अहम किरदारों में होंगे। 22 जनवरी 1994 को जन्में भुवन बाम ने साल 2015 में अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया था। वो टीटू मामा, बबलू, बनछोड़दास, अदरक बाबा, मिस्टर होला, पापा मकीचू जैसे किरदार निभाकर काफी पॉपुलर हुए थे। वो छोटे से कमरे में अपने मोबाइल फोन से वीडियो रिकॉर्ड करते थे। यूट्यूब में बढ़ती पॉपुलैरिटी के साथ ही उन्होंने साल 2016 में म्यूजिक वीडियो तेरी मेरी कहानी लॉन्च किया, जिसमें उन्होंने खुद आवाज दी थी। आगे उनके संग हूं तेरे, सफर, राहगुजर, बस में, अजनबी और हीर रांझा जैसे गाने बनाए। बढ़ती पॉपुलैरिटी के चलते भुवन को दिव्या दत्ता के साथ शॉर्ट फिल्म प्लस माइनस में कास्ट किया गया था, जिसके लिए उन्होंने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था।

# इंडस्ट्री को पता है कि मैं कहीं नहीं जाने वाला



**मुन्ना भाई एमबीबीएस, जॉली एलएलबी और गोलमाल जैसी फिल्मों में अपने हास्य किरदारों से पहचान बनाने वाले अरशद वारसी अब एक नई राह पर हैं। अपनी नयी फिल्म भागवत- चैप्टर वन राक्षस में वह एक ईमानदार पुलिस अफसर की भूमिका में दिखे।**




## भागवत चैप्टर वन पर बोले अरशद

इस फिल्म पर बात करते हुए अरशद वारसी साफ कहते हैं, 'मुझे थ्रिलर फिल्में बहुत पसंद हैं। यकीन मानिए, ये स्क्रिप्ट मुझे सच में बहुत पसंद आयी। आमतौर पर फिल्मों में एक अच्छा आदमी होता है और एक बुरा, फिर आखिर में वो बुरा पकड़ा जाता है और कहानी खत्म। लेकिन असल जिन्दगी में कहानी यहीं खत्म नहीं होती। असली लड़ाई तो उसके बाद शुरू होती है, जब केस चलता है, सबूत जुटाने पड़ते हैं और सच्चाई साबित करनी होती है। इस फिल्म में मुझे ये बात बहुत दिलचस्प लगी कि मेरा किरदार एक ऐसे अपराधी के पीछे है जो इतना चालाक है कि कोई सुराग नहीं छोड़ता। उसे पकड़ना लगभग नामुमकिन है। जब मैंने कहानी सुनी, तो मुझे लगा कि यह फिल्म वाकई कुछ अलग है।'

## सही कास्टिंग का असर

अरशद मानते हैं कि एक अच्छी फिल्म की आधी जीत उसकी कास्टिंग में होती है। वो कहते हैं, मेरे लिये अच्छी कास्टिंग आधा युद्ध जीतने के बराबर है। अगर सही अभिनेता को सही किरदार मिल जाये, तो फिल्म अपने आप बेहतर हो जाती है। इस फिल्म में जीतेंद्र (पंचायत फेम एक्टर) ने कमाल का काम किया है। इससे बेहतर कोई इसे नहीं निभा सकता था। सच कहूं तो मैं इस मौके के लिये बहुत आभारी हूं।

## कॉमेडियन की छवि और गंभीर किरदार

किरदार पर बात करते हुए अरशद ने कहा, 'कॉमेडी करने वाले अभिनेताओं के साथ यह दिक्कत यह होती है कि जब वो गंभीर किरदार करते हैं, तो लोग उन्हें मजाक में लेते हैं। दर्शकों को गंभीर किरदारों में कॉमेडियन छवि वाला अभिनेता हजम नहीं होता। कई कलाकारों के साथ ऐसा हुआ है, लेकिन खुशकिस्मती से मैंने यह दीवार तोड़ दी। शुरुआत में मैं भी थोड़ा डरा हुआ था कि लोग मुझे स्वीकार करेंगे या नहीं, पर शहर फिल्म के बाद मेरा आत्मविश्वास बढ़ गया। अब मैं किसी भी तरह के रोल को लेकर सहज हूं।'

## इंडस्ट्री और अनुभव की सच्चाई

अपने 27 साल के अनुभव पर अरशद बेबाकी से कहते हैं, इतने वर्षों में मैंने ये सीखा है कि आप कितना भी अच्छा काम कर लो, अगर फिल्म नहीं चलती तो कोई नहीं पूछता। लेकिन अगर फिल्म चल जाये, चाहे एक्टिंग औसत ही क्यों न हो, तो सब कुछ बदल जाता है। 'जॉली एलएलबी' की सफलता पर वो मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'काफी वर्षों से इस इंडस्ट्री में हूं तो अब इन चीजों का मुझ पर असर नहीं होता। अब सफलता-असफलता से खासा फर्क नहीं पड़ता। इंडस्ट्री को भी पता है कि मैं कहीं जाने वाला नहीं हूं। आज नहीं तो कल एक हिट दे ही दूंगा।'

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।